तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 21 मई 2025

10 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अचानक पहुंचे अछोटी

11 गोरकापार में छाया शेड के लिए हुआ भूमिपूजन







## खबर संक्षेप

### फरार गांजा तस्कर ओडिशा से गिरफ्तार



**भिलाई।** फरार गांजा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 20 (ख) 27 (क) नारकोटिक्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि रायगढ़ा उड़िसा निवासी अरूण छाती लंबे समय से फरार था। उसे उड़िसा से पुलिस पकड़ कर लाई है। जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। प्रकरण में पहले 6 आरोपी और 2 अपचारी बालकों को पकड़ा गया था। इनके पास से 16.782 कि. ग्रा.गांजा 1 लाख 20 हजार रूपये और बेचने की रकम 68 हजार 200 रुपए जब्त किया।

### कल पीएम करेंगे रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण

**भिलाई।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के विभिन्नि जगहों पर स्थित रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। 22 मई को पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण को समर्पण किया जाएगा। इसमें पांच रेलवे स्टेशन में डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा, अंबिकापुर स्टेशन शामिल है। अमृत मिशन से जिले के भिलाई पावर हाउस, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा, मरोदा,भिलाई नगर, दुर्ग है।

### अनिवार्य निधि का उपयोग वेतन देने में हो

**भिलाई।** राज्य शासन ने जिले सहित पूरे प्रदेश के निकायों के लिए आदेश जारी किया है, जिसके मुताबिक अनिवार्य निधि का उपयोग अधिकारी और कर्मचारियों को वेतन दिए जाने के लिए किया जाएगा। शासन ने जारी आदेश में कहा है कि देखने में आया है कि अनिवार्य निधि यानी चुंगी क्षतिपूर्ति, यात्री कर, मुद्रांक शुल्क, बार लाइसेंस शुल्क की राशि का उपयोग वेतन में न कर अन्य कार्यों में किया जा रहा है। इस वजह से निकायों के कर्मचारियों और अधिकारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। निकायों के सभी प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे कर्मचारियों के वेतन को लेकर गंभीरता बरतें। साथ ही अनिवार्य निधि से मिलने वाली राशि का उपयोग करें।

### कई अहम दस्तावेज मिले, 90 लाख से ज्यादा कैश और जेवरात जब्त

# शराब घोटाले में फरार पप्पू बंसल के संपर्क में थे शहर के 7 बड़े कारोबारी

## संदेह के आधार पर एसीबी ने की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश के बहुचर्चित 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले में भिलाई के 7 बड़े व्यापारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम सामने आए हैं। नाम काफी चौकाने वाले हैं, जिनसे मंगलवार को एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने पूरे दिन पूछताछ की। इन नामों में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बंसी अग्रवाल, स्पर्श हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय गोयल और आम्रपाली अपार्टमेंट के अशोक अग्रवाल का नाम सबसे ज्यादा चौकाने वाला रहा। एसीबी सूत्रों की मानें तो सभी 7 संदेही या तो पप्पू बंसल के रिश्तेदार हैं, या खास जान-पहचान वाले हैं।

ये सभी तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मिले थे। पप्पू बंसल ने इनकी मुलाकात कराई थी। आरोप है कि घोटाले के पैसों को इन संदेहियों के माध्यम से ठिकाने लगाया गया, जिस पैसों को जमीन, व्यापार और अन्य कार्यों में निवेश किया गया। इस सूचना के आधार पर ही एसीबी और ईओडब्लू ने इन सभी संदेहियों से पूछताछ की। संदेहियों में एसके केजरीवाल, नेहरू नगर, अशोक अग्रवाल आम्रपाली अपार्टमेंट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विनय अग्रवाल खुर्सीपार, संजय गोयल डायरेक्टर स्पर्श हॉस्पिटल, विश्वास गुप्ता बिल्डर, बंसी अग्रवाल नेहरू नगर, आशीष गुप्ता डायरेक्टर आशीष इंटरनेशनल होटल सुपेला शामिल हैं।



### 2000 करोड़ का है ये शराब घोटाला

प्रदेश के शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में करीब 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक का शराब घोटाला का उल्लेख है। ईडी के जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में निलंबित आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी रहे एपी त्रिपाठी,कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए शराब घोटाले को अंजाम दिया था। ईडी की ओर से एफआईआर की जांच एसीबी कर रही है। एसीबी के मुताबिक वर्ष 2019 से 2022 तक सरकारी शराब दुकानों से अवैध शराब डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेची गई। शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति हुई है। इस मामले में गिरफ्तारियां हो चुकी है।

### चार टीमों ने सभी संदेहियों के ठिकानों को दिनभर खंगाला

मामले में मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे एसीबी और ईओडब्लू की टीम पहुंची। ठिकानों से टीम को डिजिटल डायरी, मोबाइल समेत कई अहम दस्तावेज मिले हैं। कुछ कारोबारियों से टीम पूछताछ भी कर रही है। इन सबके तार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से जुड़े होने की बात सामने आई है। टीम चार वाहनों में पहुंची थी। एक टीम उद्योगपति अशोक अग्रवाल के निवास पहुंची। दूसरी टीम नेहरू नगर निवासी बंसी अग्रवाल,एसके केजरीवाल के यहां दबिश दी। वहीं उद्योगपति अशोक अग्रवाल के भाई विनय अग्रवाल के यहां भी दस्तावेजों की जांच की गई। उद्योगपति एसके केजरीवाल मकान,आशीष गुप्ता, डॉ संजय गोयल के निवास पर टीम पहुंची और पूछताछ के साथ दस्तावेज खंगाले गए।

### पूर्व आबकारी मंत्री कवासी का कनेक्शन खंगाला जा रहा

बताया जा रहा है कि उद्योगपति अशोक अग्रवाल, विनय अग्रवाल के करीबी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से रही है। जिसे पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। छावनी चौक भिलाई के पास अशोक अग्रवाल की फेब्रिकेशन और कई उद्योग है। इन पर लखमा के साथ मिलकर शराब घोटाले को अंजाम देने का आरोप है। वहीं टीम अशोक अग्रवाल को अपने वाहन में बिठाकर साथ कहां लेकर गई है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं एक टीम उनके घर में जांच करती रही। भिलाई के नेहरू नगर स्थित कारोबारी और भिलाई अग्रवाल समाज अध्यक्ष बंसी अग्रवाल के घर में भी जांच खबर लिखे जाने तक जारी रही है। खुर्सीपार में इनका उद्योग है।

### दो साल से फरार है पप्पू बंसल, नहीं खोज पाई ईडी

शराब सिटिकेंट का बड़ा नाम पप्पू बंसल का भी है। दो साल पहले कांग्रेस की सरकर में जब पहली बार ईडी का छापा पड़ा था। उसके बाद से पप्पू बंसल फरार है। खुर्सीपार और नेहरु नगर के मकान में ईडी ने सील कर दिया था। पप्पू के पकड़े जाने के बाद ही कई बड़े खुलासे हो सकते है। मंगलवार को जहां-जहां टीम ने दबिश दी है उनका कनेक्शन पप्पू बंसल व पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। पप्पू बंसल के करीबीओं के यहां दबिश पड़ने के बाद आसपास के लोग सजग हो गए है। आने वाले दिनों टीम दोबारा भिलाई-दुर्ग में दबिश दे सकती है।

### प्रदेशभर में ट्विनसिटी का पारा सबसे ज्यादा 41.6 डिग्री

# दक्षिण पूर्व मानसून सक्रिय होने के आसार, शाम अच्छी बारिश से लोगों को राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मंगलवार को ट्विनसिटी का पारा प्रदेशभर में सबसे ज्यादा रहा। पूरे दिन 41.6 डिग्री सेल्सियस की तपिश से ने लोगों को बैचेन कर दिया लेकिन जैसे ही शाम हुई अच्छी बारिश भी हो गई। आधे घंटे की तेज बारिश के बाद भी रात तक बूंदाबांदी भी होती रही। इस बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग ने इस बदलाव की वजह दक्षिण पूर्व मानसून के पहले की सक्रियता बताई है। अपरान्ह 4 बजे से ही तेज धूप गायब हो गई। आसमान पर बदली छाई रही। शाम 5 बजे के बाद गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई।

### वेदर अलर्ट: खाड़ी में मानसून की हल-चल

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले एक दो दिनों में सक्रिय होने की संभावना है।

### तीन तरह की द्रोणिका प्रदेश में है सक्रिय

मौसम विज्ञानी डॉ. चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ 61 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है एक द्रोणिका मध्य पंजाब से उत्तर बांग्लादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पश्चिमी विदर्भ से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है ।

### आज भी गरज-चमक के साथ बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है।प्रदेश में अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वर्षा की गतिविधि में वृद्धि हो सकती है। आने वाले तीन दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होंगे।

## लाखों का सामान पार, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो अलग-अलग फैक्ट्री और मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि गफ्फार कालोनी छावनी चौक लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया में स्वातिक व रानीसति ट्रेडर्स के नाम से राहुल अग्रवाल की फैक्टी है। जहां का ताला तोड़कर अज्ञात ने 13-13 मीटर का 5 बण्डल केबल तार 65 हजार रुपए का गायब कर दिया। दूसरी चोरी सालासर ट्रेडर्स नामक फैक्ट्री से नगद 4 हजार, फैक्ट्री में रखे केबल तार 25 किलो का 1 बण्डल चोरी हो गया। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। तीसरी चोरी हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी प्रकाश कुमार अपनी वाहन सीजी 07 बीपी 8785 को अपनी बाउण्ड्रीवाल के भीतर रखा था। अज्ञात ने बाउण्ड्रीवाल का ताला तोड़कर भीतर से हार्ड वेयर का सामान कटर मशीन, ड्रील मशीन, दाना मशीन पार कर फरार हो गया है। जिसकी कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है।

# महादेव सट्टा चलाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टे की लोटस आईडी 662 चलाने वाले बदमाश युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा आरोपी फरार है। आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115 (2). 351(2),324 (2),109 (1), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रिसाली निवासी आरोपी प्रखर चंद्राकर महादेव सट्टा का लोटस आईडी 662 के द्वारा ऑनलाइन सट्टा चलाता है। म्यूल अकाउंट से ठगी करने का मामला सामने आया है। प्रखर और पुलकीत चंद्राकर नामक युवक के साथ मिलकर साजिश के तहत अन्य लोगों के नाम से ठगी किया है। आरोपी प्रखर ऑनलाइन गेम से बैटिंग, ताश, लूडो, क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन



■ साथी फरार, सुपेला पुलिस ने किया कार्रवाई

लेनदेन कर रुपये पैसे का हार-जीत का दांव लगाया करता है। आरोपी प्रखर चंद्राकर आदतन अपराधी और भिलाई नगर का गुंडा बदमाश है। आरोपी के पास से दो मोबाइल, थार वाहन 07 सी.क्यू 0015 जब्त किया है। इसकी कीमत 14 लाख रुपए आंकी गई है। 18 मई को सौरभ वर्मा नामक युवक ने सुपेला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि आयुश, सिद्धार्थ, रोहित के साथ बर्थ डे पार्टी होटल अमित पार्क गए थे। पार्टी करने के बाद घर लौटते समय प्रखर ने बांस के डंडे से आयुष के सिर चेहरे पर वार किया गया। मारपीट करने वाले युवक ने अपना नाम प्रखर चंद्राकर होना बताया और भाग निकला। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। पुलिस ने बताया कि चार - पांच दिनों में 60 हजार रुपये का लेनदेन का हिसाब मोबाइल में प्रखर रखा है। वाहन को अपने दोस्त के नाम से खरीदा था। अपने बैंक खाता, परिजनों के खातों मे अवैध धन को जमा किया है। आरोपी प्रखर चंद्राकर, पुलकीत चंद्राकर ने साजिश के तहत म्यूल बैंक खाते को किराये में लिया करते थे।

### संदेही ओपी मिश्रा से नेवई पुलिस कर रही पूछताछ

# सीएसवीटीयू के गोपनीय दस्तावेज सोशल मीडिया पर किया वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के गोपनीय दस्तावेज सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद नेवई थाने में अपराध दर्ज कराया गया है। कुलसचिव अंकित अरोरा की लिखित शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। शिकायत में शोध प्रकोष्ठ के तत्कालीन कर्मचारी ओपी मिश्रा व अन्य पर संदेह जताया गया है। साथ ही बताया गया है कि विश्वविद्यालय की गोपनीय दस्तावेजों की चोरी कर सोशल मीडिया में पोस्ट की गई। बता दें कि मिश्रा के विरुद्ध सहकर्मी महिला के साथ अभद्रता व महिला उत्पीड़न करने के मामले में गठित जांच समिति ने दोषी पाया था। इसके बाद तत्कालीन कुलपति डॉ. एमके वर्मा ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थी। विश्वविद्यालय में समस्त प्रशासनिक दस्तावेज स्थापना शाखा तथा कुल सचिव कार्यालय में सुरक्षित रखा जाता है। 1 अक्टूबर 2024 को विश्वविद्यालय से गोपनीय दस्तावेज जैसे छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त पत्र क्रमांक एफ/2-9/2023/तक शि./42 नवा रायपुर अटल नगर 22 मार्च 2024 की प्रति की आश्यकता होने से ढूंढा जा रहा था। तभी कुलसचिव को स्टाफ के लोगों से जानकारी हुई कि उक्त दस्तावेज पूर्व कर्मचारी ओम प्रकाश मिश्रा एवं अन्य के सोशल मिडिया एकाउंट ट्वीटर एकाउंट तथा फेसबुक एकाउंट में पोस्ट हुई है। इसी प्रकार ओपी मिश्रा द्वारा राजभवन, तकनीकी शिक्षा विभाग तथा संचालनालय से प्राप्त अन्य गोपनीय दस्तावेज भी उक्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया हुआ पाया गया है। विश्वविद्यालय के गोपनीय दस्तावेजों को चोरी कर दस्तावेज सोशल मिडिया पोस्ट कर गोपनीयता भंग किया गया है। हालांकि ओपी मिश्रा पर सिर्फ संदेह व्यक्त किया गया है। इस आधार पर पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर की है।

■ कुलसचिव अंकित अरोरा ने थाने में की शिकायत

### अपराधियों पर नकेल कसने एसएसपी की नई कवायद, काम करने का तरीका भी बदलेगा

# नए कलेवर में नजर आएगी क्राइम टीम, दागियों को नहीं मिलेगा मौका

जेएम तांडी ▶▶| भिलाई

अलग खबर

जिले की क्राइम टीम एक बार फिर चर्चा में है। खबर है कि नए पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल क्राइम ब्रांच का कलेवर बदलने जा रहा है। बेदाग छवि, ईमानदार पुलिस कर्मियों को इसमें तैनाती होगी। दागी पुलिस कर्मियों पर लगातार कार्रवाई क्राइम ब्रांच को रिस्ट्रक्चर किए जाने की एक शुरुआत बताई जा रही है। बता दें कि प्रदेश में क्राइम ब्रांच को 28 दिसंबर 2018 में भंग कर दिया गया था। इसके बाद वर्ष 2022 में तीन जिलों में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एसीसीयू) के नाम से इसे फिर शुरू किया गया। दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर में इसकी शुरुआत की गई। इन जिलों में क्राइम ब्रांच के भंग होने के बाद से लगातार अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा था। इसे रोकने के लिए एसीसीयू की टीम बनाई गई। दुर्ग जिले के क्राइम ब्रांच का घटन पहली बार 1994 में तत्कालीन एएसपी रहे आरसी पटेल ने जिला स्कॉड के नाम से क्राइम टीम का गठन किया था। इसके बाद 1996 में एसपी रहे मुकेश गुप्ता ने क्राइम स्कॉड के रुप में गठन किया। फिर 2003 में एसपी रहे रमेश चंद्र शर्मा ने शासन के आदेश के बाद क्राइम ब्रांच के नाम से गठन किया। जो वर्ष 2018 तक चलता रहा। वर्ष 2019 में जिले में सिविल टीम गठन किया गया। जो अपराधियों को पड़ने के लिए किया गया था। गृह विभाग के आदेश पर एसीसीयू की टीम बनाई गई। वर्ष 2002 से 2025 तक टीम में 15 इंस्पेक्टर और 6 सब इंस्पेक्टर को जिम्मेदारी मिल चुकी है।




### कुशल कर्मियों को मौका मिलेगा

क्राइम ब्रांच में कुशल, ईमानदार और प्रशिक्षित कर्मियों को ही मौका दिया जाएगा। जवान अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दें, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। नशा बड़ी चुनौती है, इसे लेकर पुलिस अभियान चला रही है।

-विजय अग्रवाल एसएसपी दुर्ग



### 2018 में क्राइम ब्रांच को किया गया था भंग

दुर्ग जिला बड़ा होने के कारण अपराध भी काफी बढ़ते आए है। यहां लगातार अपराधों का ग्राफ भी बढ़ता रहा है। वर्ष 2017 में क्राइम ब्रांच चार डिवीजन दुर्ग, भिलाई नगर, सुपेला, छावनी में काम किया जाता था लेकिन तीन वर्षों के अंतराल बाद अपराध करने का तरीका अपराधियों ने बदल दिया। इसके अलावा 2018 में क्राइम ब्रांच को भंग करने के बाद सिविल टीम बनाया गया था। जो अपने-अपने थाना क्षेत्रों में टीम काम किया करती थी। बढ़ते अपराध को उसी तेजी से पुलिस ने भी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल तक पहुंचाया है। यहां की जनसंख्या भी बढ़ गई है।

### अब तक इन्हें मिल चुकी है जिम्मेदारी

क्राइम ब्रांच गठन के बाद जिले में 2002 में कविलाश टंडन, 2003 में सुनील डेविड, 2005 में सत्यप्रकाश तिवारी, 2005 में राजीव शर्मा, 2007 में आरके जोशी, 2008 में सतेंद्र पाण्डेय, 2010 में सत्य प्रकाश तिवारी, 2012 में संजय सिंह, 2013 में विशाल सोन, 2016 में एसएन सिंह, 2016-17 में रोहित मालेकर, 2018 में केके वासनिक, 2020 में गौरव तिवारी, 2021 में संतोष मिश्रा, 2023 में नरेश पटेल, 2024 में तपेश्वर नेताम, 2025 में प्रमोद रुसिया को जिम्मेदारी मिल चुकी है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### जनमन पत्रिका का वितरण

दुर्ग। सुशासन तिहार के अंतर्गत अंजोरा ख में आयोजित समाधान शिविर में शासन की मासिक पत्रिका जनमन का वितरण किया गया। पत्रिका में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और नवाचारों की जानकारी दी गई। पत्रिका के माध्यम से आम नागरिक यह जान पाएंगे कि उनके हित में कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं शिविर में 15 ग्रामों से आए ग्रामीणजनों को जनमन की प्रतियां एवं पाम्पलेट वितरित की गई। ग्रामीणों ने भी जनहित की योजनाओं के बारे में पढ़ने में रुचि दिखाई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### उरला वार्ड से कचरा डंपिंग हटाने की मांग



दुर्ग। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष सचिन गवई ने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उरला वार्ड से कचरा डंपिंग हटाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि उरला वार्ड में नगर निगम दुर्ग द्वारा कचरा डंपिंग रिसायकल प्लांट बनाया जा रहा है। जहां पर शहर का पूरा कूड़ा कचरा लाकर जलाया जाता हैं। जिससे यहां के स्थानीय निवासियों की दिनचर्या एवं स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कचरे से गंदगी तथा महामारी फैलने की आशंका है। जब से यहां पर कचरा डंपिंग बनाया गया है तब से वहां के स्थानीय निवासियों में काफ़ी आक्रोश और नाराजगी है जिसे लेकर आए दिन वहां के निवासियों द्वारा प्रदर्शन किया जाता है।

# हाईवे में लाइट बंद होने से सड़क की रौनक गायब, ब्लैक आउट के हालात

**बारिश होने के बाद कई दिनों से बंद हैं लाइटें, दुर्घटना की आशंका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हल्की बारिश और हवा तूफान के बाद पिछले पखवाडेभर से दुर्ग शहर में ब्लेक आउट की स्थिति निर्मित हैं। दुर्ग बाईपास से लेकर पुलगांव चौक और नेहरू नगर तक सडक के बीच में लगे स्ट्रीट लाइटें बंद है। जिससे वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड रहा है। हाइवे में इस तरह बिजली बंद होने से कभी भी बढी दुर्घटना घट सकती हैं। बाईपास से लेकर नेहरू नगर तक चौडीकरण के बाद करोडों की लागत से स्ट्रीट लाइटे लगाई गई है। हाल के आलावा यहां आय दिन लाइटे बंद होने की शिकायत सामने आते रही है। वर्तमान में पिछले पखवाडेभर से स्ट्रीट लाइट बंद होने से दुर्ग शहर में ब्लेक आउट की स्थिति निर्मित है। विद्युत यांत्रिकीय विभाग के अफसर इससे अंजान है। लाइट बंद होने से शहर की सुंदरता भी ठप हो गई हैं। पुलगांव चौक तिराहा होने के कारण दुर्ग से रोजाना हजारों वाहन बालोद और नागपुर हाइवे की ओर गुजरते है। लेकिन स्ट्रीट लाइट बंद होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं।

### हाल ही में लगी लाइटे भी बंद

इंदिरा मार्केट में पटेल चौक से लेकर रेल्वे स्टेशन रोड में नगरनिगम द्वारा डिवाइडर के बीच में स्ट्रीट लाइटे लगाई गई हैं। लाइट लगाने के कुछ ही दिन यह चली। वही अब तक लाइटे यहां बंद है। लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी लाइट की सुविधा आम लोगों को नही मिल पा रही है। नगरनिगम द्वारा चुनाव के पहले यहां लाइटे लगाई गई थी।



**बैठक : क्रियान्वयन इस प्रकार हो कि उसका सीधा लाभ आमजनता को मिले**

# अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत होंगे लापरवाही पर होगी सख्त कार्यवाही

**सीएम ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर जताई चिंता, तीन जिलों की एकसाथ बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुशासन तिहार के तहत दुर्ग मुख्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री ने दुर्ग, बालोद और बेमेतरा के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होने सक्त चेतावनदी देते हुए कहा है कि, अच्छे कार्य पर अफसर और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा, वहीं अगर लापरवाही दिखी तो जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होने इस दौरान लंबित राजस्व प्रकरण के प्रति नाराजगी जताते हुए नियमित कोर्ट खोलकर तेजी से प्रकरणों का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आम लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं के तेजी से निराकरण के लिए कलेक्टरों को नियमित रूप से राजस्व न्यायालय का संचालन करने और इसके लिए तिथि निर्धारण के लिए सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी ने सुशासन तिहार में सक्रिय भागीदारी और परिश्रम से अच्छा कार्य किया है। आप सभी ने संकल्प लेकर नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य किया है, यह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ हमें और बेहतर करने की आवश्यकता है और यह मैं इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि हम सभी जनता के सेवक हैं। हमें यह अवसर मिला है, उन्होंने कहा कि हमारी समस्त योजनाएं आम जनता को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं। श्री साय ने कहा कि, जनहित में किए गए अच्छे कार्यों की हमेशा प्रशंसा होती है और जो अधिकारी अच्छा कार्य करेंगे उन्हें हम पुरस्कृत भी करेंगे। वहीं यदि योजनाओं में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक सर्व डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, रिकेश सेन एवं ईश्वर साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, संभागायुक्त एसएन राठौर, आईजी आरजी गर्ग, तीनों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### पेयजल के लिए करे पुख्ता व्यवस्था

सीएम ने कहा वर्तमान में गर्मी के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने आम जनता को पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा जल संरक्षण हेतु किसानों को फसल चक्र अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। श्री साय ने कहा राजस्व से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए शिविरों का आयोजन आगे भी नियमित रूप से किया जाए। अधिकारी राजस्व न्यायालय के लिए एक निश्चित दिवस तय करे।

### कहा कोर्ट नियमित खोलें मिली है शिकायत

मुख्यमंत्री ने कहा ने कहा यहां कोर्ट नियमित नही खुलने की शिकायत मिल रही हैं। उन्होने कहा जिस दिन तिथि दी जाती हैं, उस दिन कोर्ट खुला रखे। उन्होने पेडिंग प्रकरणों को तेजी से निपटाने कहा। अविवादित नामांतरण के मामले में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए और किसानों को मुआवजा राशि जारी करने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राप्त आवेदन के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। वहीं ड्रोन दीदियों के प्रशिक्षण पुख्ता व्यवस्था की जाए, ताकि आत्मनिर्भर बन सकें। ऐसे समूहों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई है।

### किसानों ने लिया धान की फसल नहीं लेने का फैसला

बैठक में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण की प्रगति, संस्थागत प्रसव की स्थिति, स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट्स की तैनाती, और सिकलसेल स्क्रीनिंग की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए। बेमेतरा जिले के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जिले के कई इलाकों में भू जल स्तर काफी नीचे चला गया है। पानी की इसी समस्या को देखते हुए जिले के कई इलाकों में ग्रामीणों ने मिलकर गर्मी के मौसम में धान की खेती न करने का बड़ा निर्णय लिया है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर होगी कड़ी करवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और इसका प्रमुख कारण शराब पीकर वाहन चलाना भी है। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए लोग हेलमेट पहनें और सीट बेल्ट जरूर लगाएं। इस आशय से अभियान चलाकर लोगों को जागरूक और कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट हटाने के लिए इस वर्ष बजट में विशेष प्रावधान किए है और उसका प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भेजने के निर्देश भी दिए।

### सीएम ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने भारतीय न्याय संहिता लागू होने के पश्चात पंजीकृत मामलों और उन पर हुई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए, ताकि न्याय की संकल्पना पूर्ण रूप से साकार हो। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अपराध में वृद्धि हो रही है, इसके खिलाफ लगातार कड़े कदम उठाएं। श्री साय ने कहा कि सभी किरायेदार की सूचना पुलिस के पास हो और मकान मालिकों को इसके लिए विशेष निर्देश दिए जाए।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अचानक पहुंचे अछोटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य सरकार द्वारा सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अछोटी का औचक दौरा किया।

■ निर्माणाधीन महतारी सदन का लिया जायजा

ग्राम अछोटी में मुख्यमंत्री श्री साय हेलीकॉप्टर से अचानक पहुंचे और डायट कॉलेज परिसर में 29 लाख 20 हजार रुपये की लागत से निर्माणाधीन महतारी सदन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का मुआयना किया और स्वयं अपने हाथों से भवन के कॉलम की तराई कर कार्य की मजबूती और पारदर्शिता का संदेश दिया। महतारी सदन, ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक संवाद का केंद्र बनेगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री मुरमुंदा पहुंचे, जहां उन्होंने अटल आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 226 आवासों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने अटल आवास क्रमांक 226 के हितग्राही श्री तुषार को अपने हाथों से चाबी सौंपी और उन्हें गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अन्य हितग्राहियों को भी उनके मकान की चाबी सौंपते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना, जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना तथा प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

### केंद्रीय विद्यालय की दिव्या को मिला 94.4% अंक



उतई। उतई स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ मुकेश कुमार मेश्राम की पुत्री दिव्या मेश्राम ने सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स संकाय में 94.4% प्रतिशत अंक अर्जित कर केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की टॉपटेन सूची में प्रथम स्थान बनाया है। इस उपलब्धि पर नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिनारायण देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री सोनू राजपूत, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, प्रवीण यदु अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा उतई मंडल, नगर अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश चंद्राकर, भीमसेन सिन्हा, खूबीराम साहू, संगीत रजक आदि ने खुशी जताई है।

## उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर में बच्चों को दिए सफलता के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आसाराम बापू की बालसंस्कार विभाग द्वारा तीन दिवसीय उज्वल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में किया गया। शिविर के प्रथम दिन शिविर में शामिल हुए बच्चों को उच्च संस्कार दिए गए। बालसंस्कार विभाग द्वारा बच्चों को बताया गया कि सुबह की शुरुवात सूर्य उदय से पहले उठ कर करना चाहिए। स्नान, ध्यान, आसान, प्राणायाम, शुद्ध हवा में करनी चाहिए जिससे स्वास्थ्य तंदुरुस्त रहे, मन प्रसन्न रहे। बताया गया कि सुबह आप पढ़ाई लिखाई जो करोगे वो जल्दी याद रहेगा। देर रात पढ़ाई नहीं करनी चाहिए। उससे नींद नहीं पूरा होने पर डिप्रेशन शिकार होते है। मोबाइल जरूरी है लेकिन उपयोग होने तक जरूर करें। आप भगवान नाम जाप की माला जरूर करें। कार्यक्रम में भिलाई-दुर्ग के अलावा और भी गांव से सैकड़ों की संख्या में बच्चे आए हुए थे। सभी बच्चों की रहने खाने की व्यवस्था तीन दिनों तक आश्रम परिसर में की गई थी। अंत में बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। आरती प्रसादी के साथ समापन किया गया।

## सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों पर सख्त कार्रवाई करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सिकोला भाठा वार्ड-14 में नाली साफ-सफाई महाअभियान का निरीक्षण महापौर श्रीमती अल्का बाघमार ने टीम के साथ किया।

■ मानसून से पहले वार्डों के नालियों की सफाई तेज



उन्होंने स्कूल के पीछे सिकोलाभाठा बस्तियों की गलियों और सड़कों में पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मेयर ने वार्ड प्रभारी इंजीनियरों से कहा कि अवैध रूप से निगम की जमीन पर बिल्डिंग मटेरियल रखकर मकान निर्माण करने वालों सहित बिल्डिंग मटेरियल का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करें। सड़क तक अवैध रूप से सीढ़ी बनाकर यातायात बाधित करने वाले सभी का बिल्डिंग परमिशन की जांच करेंगे। पश्चात तोड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।अभियान के दौरान महापौर ने कार्यपालन अभियंता से कहा कि निगम के सभी इंजीनियरों के साथ समीक्षा बैठक लेकर शहर 60 वार्डों के मुख्य नालियां जो हर एक वार्डों से लगा हुआ हो। बारिश के पहले सभी वार्डों से जुड़े मुख्य नालियों के निर्माण कार्य हेतु शीघ्र प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। सभी इंजीनयर अपने प्रभार वार्डो का निरीक्षण करें।मेयर ने कहा मानसून करीब देखकर लंबे समय से जाम पड़ी नालियों के गंदे पानी की निकासी का काम शुरू कर दिया गया है। महासफाई अभियान के तहत दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी हर रोज महाअभियान में नालियों की तल तक सफाई कर रहे हैं। मेयर ने वार्ड 14 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और नालियों में जाली लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र की गलियों और सड़कों की नियमित सफाई और कचरा उठाने का भी निर्देश दिए

### जेआरडी स्कूल में समाधान शिविर आज

दुर्ग। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तृतीय चरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन 21 मई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत वार्ड 39 जेआरडी स्कूल हिंदी भवन के सामने में लगने वाले शिविर स्थल में सभी व्यवस्था करने निर्देश दिए। शहर के 8 वार्डों के लिए एक साथ शिविर लगाया जाएगा। शिविर वार्ड 32 से 39 के हितग्राहियों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु दुर्ग-भिलाई शहर में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 11,000
दिनांक - 21 मई से 23 मई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई

## मनवा कुर्मी छात्रावास एवं धर्मशाला में पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जनदर्शन में वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन



शहर में स्थित मनवा कुर्मी छात्रावास एवं धर्मशाला जो कि वार्ड नंण 11 शंकर नगर दुर्ग में स्थित एक सामाजिक संस्था है। वार्ड के लोगों ने शिकायत में कहा हैं किए सामाजिक संस्था के नाम पर अपना व्यवसायीकरण कर रखा है। प्रबंधन द्वारा गैर जिम्मेदाराना तरीके से भवन विवाह समारोह हेतु दिया जाता है। जबकि भवन के पास कोई पार्किंग की सुविधा नहीं हैए जिसके कारण आसपास के लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होने कहा हैं जिस भवन में पार्किंग की सुविधा ना हो वहां किसी भी कार्यक्रम के दौरान अवैध पार्किंग किया जाना घोर अपराध है। मांगलिक प्रांगण संचालन अधिनियम के तहत किसी भी भवन में पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था होना आवश्यक हैए तभी कोई संस्था उसे मांगलिक कार्यक्रम हेतु किराये पर दे सकती है। धर्मशाला में ना पार्किंग की व्यवस्था है और ना ही टायलेट इत्यादि की व्यवस्था हैए टायलेट का पानी सार्वजनिक नाली में सड़क किनारे प्रवाहित किया जाता रहा है। वार्डवासियों ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में कहा हैं किए मांगलिक समारोह विवाह आदि के लिए आवासीय क्षेत्र में पूर्ण रूप से प्रतिबंध हो। आवासीय क्षेत्र जहां प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल संचालित हैए वहां डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद डीजे की अनुमति प्रशासन द्वारा दी जाती हैए इस पर भी कार्यवाही हो।

## सुशासन की सटीक अवधारणा रानी अहिल्याबाई ने साकार किया - खूबचंद

दुर्ग। महारानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के आयोजन के निमित्त दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता खूबचंद पारख की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुई आयोजित बैठक मंचासीन अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक गण ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, निवृत्तमान जितेंद्र वर्मा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी ,चंद्रिका चंद्राकर ,अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम जिला संयोजक दिलीप साहू, किसान नेता प्रितपाल बेल चंदन, अहिल्याबाई होलकर जयंती कार्यक्रम समिति के सदस्य दिव्या कलिहारी, शैलेंद्र शैंडे उपस्थित रहे । आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता



खूबचंद पारख नेताओं ने अपने संबोधन में अहिल्याबाई होल्कर की जीवन एवं उनके शासनकाल पर प्रकाश डाला ।अहिल्याबाई होलकर जयंती के दुर्ग जिला कार्यशाला के मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हो रहे जन कल्याण और महिला सशक्तीकरण के काम महारानी अहिल्याबाई के शासनकाल से पूरी तरह जुड़ाव रखते हैं। डॉ बालमुकुंद देवांगन, राजेंद्र पाध्ये, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, अरविंदर खुराना सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### अमलेश्वर में निकाली तिरंगा यात्रा

**पाटन।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के तत्वावधान में नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन देशभक्ति की भावना को जागृत करने और नागरिकों में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। तिरंगा यात्रा में नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, पालिका अधिकारियों-कर्मचारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान में सेना द्वारा की गई सख्त कार्रवाई का प्रतीक है, जिसे लेकर पूरे देश में सेना की वीरता और साहस की सराहना की जा रही है। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' जैसे देशभक्ति के नारों से पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया। रैली में पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद मालती साहू, लेखनी साहू, भेजलाल सोनकर, सेवती निषाद, पार्षद प्रतिनिधि टीकम निषाद, आलोक पाल, राजू सोनकर, वार्ड 8 के पार्षद डोमन यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यपालन अभियंता प्रवीण साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### संतोष गुप्ता



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई निवासी संतोष गुप्ता उम्र 73 वर्ष का निधन 19 मई को हो गया। वे स्व. अरूण देव गुप्ता की पत्नी एवं अरविंद कुमार गुप्ता व संदीप गुप्ता, सुरुचि अग्रवाल की मां एवं सुनीता गुप्ता की सास थीं।

### समलियाराम देशमुख



**भिलाई।** ग्राम भानपुरी निवासी समलियाराम देशमुख उम्र 85 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के ही मुक्तिधाम किया गया। वे सुमरितबाई देशमुख के पति और भगवान सिंह, रामसिंह, शिवप्रसाद और मोंगरा देशमुख के पिता थे।

### श्यामा सोनबोईर



**भिलाई।** गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं शांतिकुंज में देवकन्या रही श्यामा सोनबोईर उम्र 67 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 21 मई को रामनगर मुक्तिधाम भिलाई के लिए सायं 4 बजे 11/11 प्रियदर्शिनी परिसर से निकलेगी। वे विजेंद्र सोनबोईर की पत्नी, मनोचिकित्सक सलाहकार मोनिका साहू, ऋचा सोनबोईर की मां, सृजन, चकछू की नानी एवं हरख राम सोनबोईर की बहू, और अजीत, छबि सोनबोईर की भाभी थीं।

## धमधा ब्लॉक के एक गांव में युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा

# डगनिया में सरपंच एकेडमी जहां दी जा रही कम्प्यूटर, ब्यूटीपार्लर और इंग्लिश की ट्रेनिंग

**प्रशिक्षण के लिए गांव में सामूहिक भागीदारी के लिए उठे हाथ, लोग स्वस्फूर्त कर रहे मदद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा



धमधा ब्लॉक के ग्राम पंचायत डगनिया में पिछले 1 माह से ग्रीष्मकालीन सरपंच एकेडमी गांव के सरपंच सुंदरलाल साहू के द्वारा संचालित किया जा रहा है जिसमें कंप्यूटर प्रशिक्षण, जीम, ब्यूटीपार्लर, स्पोकन इंग्लिश, सिलाई, संस्कार प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क दी जा रही है। यह पूरी व्यवस्था सरपंच ने स्वयं के व्यय से संचालित की है। वहीं युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए सरपंच के द्वारा सप्ताह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, शिक्षक गण की उपस्थिति में जन चौपाल लगाया जाता है जिसमें अलग-अलग वर्ग के सभी सफल लोग अपनी सफलता के परिश्रम को बताते हुए युवाओं में एक नया अनुभव साझा करते हैं। वहीं बीते गुरुवार जन चौपाल के माध्यम से धमधा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत अग्रवाल, बिर्झापुर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र दानी, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ धमधा के अध्यक्ष निकेत ताम्रकार शामिल हुए और लोगों से युवाओं से महिलाओं से गोठ बात के माध्यम से चर्चा की। वहीं इस मौके पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कौशिक ने कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए मिसाल कायम हो रहा है। जिला प्रशासन में इस अकादमी की चर्चा काफी जोरों पर है। आयोजक सरपंच सुंदरलाल साहू को साधुवाद ज्ञापित किया। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि अपने स्वयं के व्यय से प्रशिक्षण सामग्री और अपने स्वयं के व्यय से शिक्षकों की व्यवस्था करना आयोजक के समाज के प्रति सेवा भाव और युवाओं को एक सच्ची और सद्गुण की राह दिखाने का प्रतीक है। अग्रवाल ने पूरे गांव से अनुरोध किया कि इस बहुमूल्य मौके का भरपूर फायदा उठाकर अपने कौशल विकास को बढ़ावा दें। वहीं कार्यक्रम में प्राचार्य शैलेंद्र दानी ने अनुशासन और संस्कार की ओर प्रकाश डाला लोगों को शिक्षा का महत्व समझाया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ श्रमजीव पत्रकार संघ के अध्यक्ष निकेत ताम्रकार ने कौशल शक्ति के विषय पर प्रकाश डाला और पत्रकारिता के क्षेत्र पर युवाओं को अग्रसर होने का प्रेरित करने का बात रख एवं इस पुनीत कार्य सरपंच एकेडमी के आयोजक सुंदरलाल साहू सरपंच ग्राम पंचायत डगनिया को अपनी ओर से निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण को निरंतर संचालित रखने के लिए दो नए कंप्यूटर सेट देने की बात कही। इस पूरे कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

वहीं इस एकेडमी के आयोजक ने लोगों को स्वरोजगार सिखाने कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए स्वयं के 5 लाख व्यय किए एवं प्रतिमाह लगभग 50 हजार रुपए प्रशिक्षण में व्यय करते हैं ताकि गांव को नशा मुक्त बनाया जा सके, संस्कारी की उत्पत्ति, एमबी कौशल का विकास किया जा सके।

## वैशालीनगर विस क्षेत्र के 37 वार्डों में समस्याओं का है अंबार, भाजपा ने की वादा खिलाफी



**भिलाई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर की बैठक में जनता से जुड़ी समस्याओं, निगम कार्यालय, पुलिस विभाग में जन समस्या निवारण के लिए प्रदर्शन के साथ कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग को ज्ञापन सौंपना जैसे विषय को लेकर सहमति बनी। बैठक शीतला मंदिर रामनगर मुक्ति धाम में हुई। अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप की अध्यक्षता में आगामी कार्ययोजनाओं पर सहमति बनाई गई। बैठक में जानकारी दी गई कि वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के 37 वार्डों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। शराब दुकान की वजह से महिलाओं और युवतियों का गुजरना मुश्किल हो गया है। भाजपा ने जो वादे किए, उसे भी पूरा नहीं किया। ऐसे मुद्दों को लेकर उग्र प्रदर्शन के लिए रणनीति बनाई गई। वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के 37 वार्डों की समस्याओं को लेकर निगम में प्रदर्शन की तैयारी है। इसमें सरकार के वादा खिलाफ के तहत विशाल प्रदर्शन की भी जानकारी दी गई। बैठक में पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दे को लेकर हमेशा से प्रदर्शन करती रही है, जिससे समस्याओं का समाधान हो सके। बैठक में फारुख खान, रविन्द्र सिंग, मो. रफीक, आनंद डोंगरे, शोयब खान, बलदाऊ पिपरिया, अजय शिवबारिकर सहित अन्य मौजूद थे।

- कांग्रेस ने की शराब दुकानें हटाने और लोगों की समस्याओं को लेकर उग्र प्रदर्शन की तैयारी

# पाटन नगर पंचायत में बार-बार बिजली गुल होने से नगरवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



- विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, लोगों में आक्रोश का माहौल

नगर पंचायत क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। एक ट्रांसफार्मर क्या फूटा कि उसके बाद अनियमित बिजली सप्लाई और विभिन्न प्रकार की बाधाओं का दौर जारी है। खासकर पाटन का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र नए बस स्टैंड से लेकर आजाद चौक तक, नए बस स्टैंड से लेकर कॉलेज रोड तक, नए बस स्टैंड से लेकर आत्मानंद चौक तक, नगर पचायत से पुराना बाजार चौक तक और अनियमित विद्युत व्यवस्था से व्यापारी वर्ग हलकान है। दिन में अनेकों बार बिजली बंद की जाती है। शनिवार मेंटेनेंस के नाम से बिजली बंद होती है दिन भर के लिए, उसे यहां की जनता और यहां के व्यापारी बर्दाश्त कर लेते हैं, इस उम्मीद में कि आए दिन बिजली व्यवस्था सुचारू रहती है। शादी विवाह का सीजन होने के कारण आम जनता और व्यापारी वर्ग तो परेशान है ही, साथ ही विवाह करने वाले परिवारों का बहुत बुरा हाल है। विद्युत विभाग में ट्रांसफार्मर का फूटना या फेल होना या उसमें आग लगना आम बात है। इस गर्मी में भी ऐसा ही हुआ मगर एक महीना होने को आया और विद्युत विभाग इस अव्यवस्था को सुधार पाने में असफल साबित हुआ है, क्योंकि विद्युत वितरण और संधारण की व्यवस्था ठेकेदारों के हवाले है इसलिए संबंधित विभाग को फोन लगाने पर संतोषप्रद जवाब नहीं आता है या तो फोन नहीं उठाया जाता या फोन को इंगेज कर दिया जाता है और भूले भटके फोन उठा भी लें तो गोल-गोल जवाब देकर उपभोक्ताओं को शांत करने का प्रयास किया जाता है। ज्ञात रहे कुछ वर्ष पूर्व इस विभाग की अनियमिताओं के चलते पाटन का एक जत्था विद्युत विभाग में इकट्ठा होकर बवाल मचा चुका था जिसकी परिणीति यह हुई कि कुछ विशेष व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कर दिया गया।

वार्ड 8 के पार्षद आभाष दुबे ने विद्युत विभाग पर जमकर भड़के उन्होंने कहा आए दिन बिजली कटौती के कारण पाटन के जनता परेशान हो रहे हैं। पाँच वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री का क्षेत्र होने के कारण बिजली व्यवस्था चाक चौबंद रही, मगर व्यवस्था के बदलते ही पाटन वालों को बिजली के नाम पर वह कुसंचालन याद आ रहा है। जब छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में था। बिजली के नाम सत्ता पक्ष और विपक्ष में भी रहस्यमयी खामोशी छाई हुई है। मगर आम जनता का आक्रोश अंदर ही अंदर सुलग रहा है। आने वाले दिनों में पाटन में शायद इसकी परिणति आंदोलन के रूप में हो।

## गोरकापार में छाया शेड के लिए हुआ भूमिपूजन



**अंडा।** ग्राम पंचायत गोरकापार के उपस्वाथ्य केंद्र में छाया सेड की स्वीकृति जिला खनिज न्यास निधि हुई है जिसका भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुंडरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य गुलशन साहू, संध्या मनोज खरे, हेमलता देशलहरे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू, सरपंच रामेश्वरी चंद्राकर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थान सिंग मंडावी, मंडल महामंत्री हेमंत साहू, मंडल महामंत्री तुलेश्वर चंद्राकर, सरपंच पांगरी प्रमोद पटेल, उपसरपंच टोमन लाल चंद्राकर, ढालसिंग साहू, मनोज खरे, रविन्द्र देशलहरे आदि उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा सरकार के सभी योजनाओं का लाभ अपने क्षेत्र में सबको मिलेगा, भाजपा सरकार जैसे कि अभी प्रति माह महतारी वंदना योजना में जिसका नाम छूटा होगा, तो उसका नाम जोड़ा जायेगा। क्षेत्र में विकास कार्य सबके लिए होगा। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास होगा।

## खोपली में निःशुल्क परामर्श व स्वास्थ्य शिविर

**उतई।** महिमा हॉस्पिटल उतई एवं शाश्वत डायग्नोस्टिक सेंटर उतई के संयुक्त तत्वावधान में 19 मई को पुराना बाजार चौक खोपली में निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजित की गई। इस स्वास्थ्य शिविर में 44 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया सभी मरीजों का बीपी, सुगर स्कैनिंग कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में डॉक्टर आशीष साहू, ललित कुमार साहू, ओम प्रकाश साहू, अनिकेत ताम्रकार, जया कुंजाम, रीना चंद्राकर, अर्पित देवांगन, राधेश्याम साहू आदि उपस्थित थे।




## अंचल की खबरें

### डायवर्सन सड़क को किया डामरीकरण





सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे और धूल के गुब्बार उड़ने से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

सिक्सलेन निर्माण के दौरान ठेकेदार की लापरवाही, ग्रामीण धूल फांकने मजबूर

**सेलूद।** सिक्स लेन सड़क निर्माण में कार्य कर रहे एसएमएस कम्पनी द्वारा सेलूद से जामगांव एम सड़क पर गुजरने वाले स्थान पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है । जिसके लिए डायवर्सन सड़क बगल से बनाया गया है जो बहुत ही ऊबड़ खाबड़ होने के साथ कम्पनी द्वारा पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं डालने के कारण आवागमन करने वाले लोगों को बहुत परेशानी होता था निर्माण कार्य में लगे सैकड़ों भारी वाहन व खदान क्षेत्र से निकलने वाले सैकड़ों भारी वाहनो के कारण लगातार सड़क पर धुल उड़ता रहता था जिससे ग्रामीणों को अनेक बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। जिसके बाद उक्त डायवर्सन वाले सड़क पर धुल न उड़े इसके लिए डामरीकरण किया गया है जिससे लोगों को आवागमन करने में सुविधा होगी।

### विधायक ललित ने सीएम साय का किया स्वागत



**भिलाई।** प्रदेश की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का दुर्ग बेमेतरा एवं कवर्धा जिले के समीक्षा बैठक के लिए दुर्ग आगमन पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने स्वागत किया।

### जिला निषाद समाज वार्षिक अधिवेशन में पहुंचेंगे सीएम



**अंडा।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज जिला बालोद वार्षिक अधिवेशन भगवान श्री रामचंद्र की असीम कृपा से ग्राम- भिलाई अर्जुन्दा में जिला निषाद (केवट) समाज वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर समाज सहित ग्रामीण जनों में बड़ी उत्साह है बात करें की इस ग्राम में छतीसगढ़ बनने के बाद पहेली बार 25 वर्ष बाद कोई मुख्यमंत्री ग्राम भिलाई अर्जुन्दा में आ रहा है जिससे की ग्राम के वासियों को एक बड़ी सौगात मिल सकती है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री छग शासन विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री रामभूषण चौधरी, अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष निषाद समाज एवं विधायक कुंवर सिंह निषाद, अति विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री छग शासन विजय शर्मा, सांसद, कांकेर लोकसभा भोजराज नाग, विशिष्ट अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर आदि उपस्थित रहेंगे।

### कुम्हारी में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान




**कुम्हारी।** सरस्वती शिशु मंदिर, कुम्हारी में बधाई एवं उत्साहवर्धन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने शिक्षा सत्र 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियों को साझा करते हुए मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। विद्यालय के अनुसार इस वर्ष 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 80 प्रतिशत ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। वहीं कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में 91 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता अर्जित की। इन उपलब्धियों पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देने और उनका उत्साहवर्धन करने हेतु इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की एक और विशेष उपलब्धि रही कि वर्ष 2024 में आयोजित यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिरों के 22 पूर्व विद्यार्थियों ने आईएएस बनकर विद्यालय और समाज का नाम रोशन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता वीवाय हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ आनंद जोशी ने बच्चों को अपने अनुभव सुनाए एवं शाला परिवार व विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा सहित शाला समिति से निश्चय वाजपेयी, हरिदास वैष्णव, रामबिहारी मिश्रा, अश्वनी साहू, अरिंद्र वर्मा, गीतेश्वर साहू, प्राचार्य मनीषा साहू, दीदी जागेश्वरी देवांगन, पार्षद ओंकार मार्कंडेय सहित बड़ी संख्या में पूर्व आचार्य अंजना त्रिपाठी, मनोज साहू एवं पूर्व छात्रा पूजा यादव सहित गणमान्य नागरिकों एवं अभिभावकों ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

## पूर्व गृहमंत्री साहू का दुर्ग ग्रामीण विस में जारी है जनसम्पर्क दौरा

# गांव-गांव पहुंच ताम्रध्वज लोगों की समस्याओं से हो रहे अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी पड़ रही है, तापमान 43 डिग्री के पार है। लेकिन पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जनसेवा में लगे हुए हैं। अपनी सादगी और सरलता के लिए पहचाने जाने वाले दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भीषण गर्मी में भी अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहलई, कोटनी, बेलोदी, मालुद, नगपुरा, बोरई, दमोदा, खुर्सीडीह, खुरसुल एवं गनियारी में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ले रहे हैं और लोगों की मदद कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी से जुड़ने नये लोगों को जोड़ना महिलाओं एवं युवाओं को जोड़ने का काम कर रहे हैं।

इस दौरान विधानसभा वासियों द्वारा लगातार अलग-अलग समस्याएं जैसे पीने का पानी नियमति नहीं मिलना, मनरेगा कार्य बंद होना, पुलिस थाना में कार्यवाही नहीं होना, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, पानी टंकी जर्जर, किसानों को खाद नहीं मिलना, महिला समूहों को काम नहीं मिलना, अवैध शारब गांव-गांव में बिकना, युवाओं को रोजगार नहीं मिलाना, बिजली कटौती जैसे कई मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी से उन्हें अवगत कराया है, जिसे सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण हेतु विभाग के अधिकारियों को बात करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य राजेन्द्र ठाकुर, जनपद सदस्य मिलनतीन ठाकुर, भारत निषाद, कृष्णा देवांगन, सरपंच कोटनी राम सिंह निषाद, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ मुकुंद पारकररोहित साहू, गैलेन्द्र साहू, भगवानी, पारकर, ताम्रध्वज सिन्हा, रविंद्र सिन्हा, रोहित साहू, कैलाश सिन्हा, मिथलेश, सरपंच दमोदा गायत्री साहू, दुष्यन्त देशमुख, बोरई पंच इंद्राणी यादव, संगीता ठाकुर, नम्मू सिन्हा, गोपाल साहू,खुर्सीडीह सरपंच गायत्री साहू, गणपत जांगड़े, धनुष साहू, उपसरपंच मिथलेश देशमुख, रोहित साहू सहित ग्रामीण

# नंदिनी खुंदनी में किए जा रहे अनेक निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नंदिनी अहिवारा



- नंदिनी खुंदिनी में बह रही है विकास की गंगा

न्यू आदर्श युवा संगठन एवं ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदिनी तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा से गांव के अनेक समस्याओं को लेकर उनके सामने रखने पर उन समस्याओं को निराकरण कर आज गांव में नहर नाली, सतनाम मंच का निर्माण, समतलीकरण, शमशान घाट रोड से हरदी रोड तक सीसी रोड, तलाब में शेड निर्माण, करोड़ों के कार्य से आज ग्राम नंदिनी खुंदिनी विकास की गंगा बह रही है। वहीं 18.50 लाख रुपये की लागत से बड़े स्तर पर शमशान घाट के पुल पुलिया का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। किसी ने सोचा भी नही था जो कि आज न्यू आदर्श युवा संगठन / ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदिनी के तत्वावधान में इतना बड़ा एतिहासिक कार्य होगा, लेकिन राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा के द्वारा गांव में आज विकास की गंगा बह रही है। इन कार्यों के लिए न्यू आदर्श युवा संगठन ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदिनी खूशबु यादव सरपंच, मंजू पाटिल जनपद सद्स्य, वामन साहू पूर्व सरपंच, प्रेम लाल देशलहरे पूर्व जनपद सद्स्य, घनश्याम यादव भूतपूर्व सरपंच एवं संरक्षक, लंकेश नाहटा उप सरपंच, देवऋषि घिदोडे अध्यक्ष, डॉ. मनीष देशलहरे उपाध्यक्ष, जसपाल जांगडे., तारण दास घिदोडे पंच, खिलावन निषाद, शंकर मार्कंडे, महेशवर पाल, संजय देशलहरे, चितेश महिलांग, समीर जांगड़े आदि ने राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा को धन्यवाद दिये।

# एनआईटी से स्टेबिलिटी टेस्ट के बाद ढहेंगी हाउसिंग बोर्ड की पुरानी टंकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 02 में स्थित हाउसिंग बोर्ड में लगभग 50 वर्ष पूर्व जल आपूर्ति के लिए पानी टंकी बनाया गया था। जो अब पुरानी हो गई है, कुछ पानी टंकियों से पानी लिकेज की भी शिकायत आ रही है। सीमेंट छोड़कर गिर रहा है, उसको देखते हुए नगर निगम भिलाई द्वारा वहां पर निर्मित पानी सप्लाई करने के लिए नई पानी टंकियॉ बना दी गई है। लेकिन अभी भी पुरानी टंकियों से पानी सप्लाई की जा रही है। नई टंकियॉ शीध्र ही चालू कर दी जाएगी, पुरानी टंकियों से किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसलिए उसे डिस्मेंटल किया जाएगा। उसको तोड़ने से पहले नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्टेबिलिटी प्रतिवेदन लिया जाएगा। पानी टंकी की वास्तविक स्थिति क्या है। उसकी मजबूती किस प्रकार की है, टंकिया उपयोग के लायक है या नहीं। इन सब के प्रतिवेदन आने के बाद उसे तोड़ा जाएगा।

## भिलाई निगम अधिकारियों और पार्षदों ने लिया जायजा





### टंकियों का किया अवलोकन

नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अभियंतागणो को लेकर पानी टंकियों का अवलोकन करने गए। उन्होने निर्देश दिया कि सर्वप्रथमम यह ध्यान दिया जाए कि पानी सप्लाई पर्याप्त मात्रा में हो। जल आपूर्ति में किसी प्रकार का अवरोध न हो। अगर कहीं दिक्कत होगी, तो उसको ठीक करने के बाद ही टंकियॉ तोड़ा जाएगा। टंकियों को इस प्रकार से तोड़ा जाए, इसमें किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो। क्योकि उसके चारो तरफ लम्बी बसावट हो गई है, टंकी को सावधानीपूर्वक तोड़ना पड़ेगा। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो, पीली पानी टंकी को तो हटाया जा चुका है अब हरी और लाल पानी टंकी बची हुई है। यह देखने में आया कि कुछ लोगों द्वारा वहां पर गेराज बनाकर गाड़ियॉ खड़ी की जा रही है। उसे भी हटाना पड़ेगा, जिससे कोई दुर्घटना ना हो। इस दौरान पार्षद पीयूष मिश्रा, नोहर वर्मा, प्रदीप सेन, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, उपअभियंता अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी गाँवों में पहुँचा रहा है निःशुल्क उपचार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसका लाभ लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।वर्ष 2024-25 में आदर्श इस्पात ग्रामों में आयोजित कुल 90 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों से 5445 आमजन लाभान्वित हुए हैं। खदान क्षेत्रों में आयोजित 8 शिविरों में 475 ग्रामीणों को लाभ मिला है। शिविरों में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के साथ कुशल चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जाता है एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया जाता है। सीएसआर के तहत मिशन लक्ष्मी' के तहत संयंत्र की ठेका श्रमिक महिलाओं, बालिकाओं, युवतियों और नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों को शामिल करते हुए उनकी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण व सजगता की जानकारी प्रदान की जाती है। अब तक आयोजित 12 स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों मे 849 महिलाओं का उपचार किया जा चुका है।

### लंबित मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन ने बोरिया गेट के सामने किया प्रदर्शन

# सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ कर्मचारी हुए एकजुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल के हजारों कर्मचारियों की लंबित मांगों को अब तक निदान नहीं होने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा देशव्यापी औद्योगिक प्रदर्शन के तहत केंद्र सरकार द्वारा श्रम कानून में परिवर्तन करने के विरोध और कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट पर प्रदर्शन किया । इसमें बड़ी संख्या में यूनियन नेता और संयंत्र कर्मचारी उपस्थित थे । यूनियन द्वारा उच्च प्रबंधन से सभी मांगों को जल्द निदान की मांग की।

उल्लेखनीय है कि देश की राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र संघों के पूर्व में 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया था। लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए इसे 9 जुलाई को करने का निर्णय लेते हुए सेल सहित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मियों को लंबित मांगों को लेकर 20 मई को देश के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रदर्शन की घोषणा की गई थी। इसके तहत आज इंटक,एटक, एचएमएस,सीटू,एक्टू लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन के संयुक्त श्रमिक संगठन द्वारा यहां सेल कर्मियों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। सुबह 6 बजे से यूनियन नेता झंडों व बैनरों के साथ कर्मियों को एकजुट करते देखे गए। इसके बाद 7 बजे से 8 बजे तक प्रदर्शन किया गया। यूनियन नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लागू चार लेबर कोड को कर्मचारी विरोधी बताते हुए इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही अब तक सेल वेतन समझौता अपूर्ण होने के लिए उच्च प्रबंधन को आड़े हाथ लेते हुए जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलाकर विसंगतियों को दूर कर 39 महीने के लंबित एरियर्स का भुगतान कराने पर जोर दिया। यूनियन नेताओं ने उच्च प्रबंधन से कर्मियों की 17 सूत्रीय मांगों तो जल्द पूर्ण करने की मांग की।

### प्रबंधन से की 15 सूत्रीय मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग



### यह हैं सेल कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

चारों श्रम संहिताओं को तत्काल रद्द किया जाए, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी विभागों का निजीकरण बंद किया जाए, सेल और आरआई एनएल की किसी भी इकाई में कोई विनिवेश या निजीकरण ना किया जाए, स्थाई प्रवृत्ति के कार्य को आउटसोर्स ना किया जाए, सेल में लंबित वेतन समझौता जल्द पूरा किया जाए और एरियर्स का जल्द भुगतान किया जाए । हायर पेंशन स्कीम लागू हो और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को मिनिमम 26 हजार रुपए वेतन दिया जाए,पुरानी पेंशन योजना की बहाली के साथ बोनस पात्रता पर सभी सीमाएं समाप्त की जाएं और ग्रेच्युटी सीलिंग समाप्त किया जाए ।

### काम का अधिकार बने मौलिक हक

प्रदर्शन में संयुक्त यूनियन ने लेबर कोड रद्द करने के साथ काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने पर खास जोर दिया। अन्य मांगों में आवेदन जमा करने के 45 दिनों के भीतर ट्रेड यूनियन का अनिवार्य रूप से पंजीकरण करने, मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण, खाद्य पदार्थ, दवाओं, कृषि उपकरणों और मशीनरी पर जीएसटी हटाने बिजली संशोधन विधेयक की वापसी, अमीरों पर कर लगाए कॉरपोरेट कर को बढ़ाने, संविधान के मूल मूल्य पर हमला रोका जाए जैसे - अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, असहमति का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता, विविध संस्कृतियों, भाषा, कानून के समक्ष समानता और देश की संघीय संरचना आदि पर हमले रोकने की मांग शामिल है।

## मान्यता चुनाव से बढ़ी एनजेसीएस और गैरएनजेसीएस यूनियनों में रस्साकशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में लंबित मान्यता यूनियन चुनाव की पुरजोर मांग के फिर से एक बार एनजेसीएसी और गैरएनजेसीएस यूनियनों के बीच रस्साकशी शुरु हो गई है। नवोदित गैर एनजेसीएस यूनियनें लंबित वेतन समझौता के लिए लंबे समय से जमे एनजेसीएस नेताओं को जिम्मेदार बता रही हैं वहीं एनजेसीएस यूनियनें सेल के गठन के बाद से कर्मियों के अब तक हुए पे रिवीजन सहित सेल के सभी उपक्रमों की एकजुटता आदि उपलब्धियों का श्रेय एनजेसीएस कमेटी को दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि मान्यता यूनियन का कार्यकाल खत्म होने के बाद अब तक चुनाव नहीं हुआ है। प्रक्रिया मंद चलती देख कई एनजेसीएस यूनियनों ने एएलसी व प्रबंधन से जल्द चुनाव की मांमग की है। इसे देखते हुए कर्मियों व प्लांट की समस्याओं को लेकर सक्रिय हो गई हैं। वहीं गैर एनजेसीएस यूनियनें एनजेसीएस यूनियनों को कठघरे में खड़ा कर रही हैं। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि एनजेसीएस में 10 नेता 2016 के पहले से अभी तक एनजेसीएस में सदस्य है। बड़े बड़े नेताओं के रहते प्रबंधन मजे में है और सेल कर्मियों का वेतन समझौता अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। तेरह प्रति. एमजीबी व 25.5 प्रति. पर एमओयू हुआ। कर्मियों का 39 माह का एरियर्स भी नहीं दिलवा पाए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रमिक राजनीति में मजदूर शामिल हैं और न ही उनके मुद्दे। मात्र नेताओं की फौज है। एनजेसीएस कमेटी में दस साल से इंटक के .जी संजीवा रेड्डी, बीएन चौबे हरिजित सिंह, एटक के डी आदिनारायण, एचएमएस,संजय बढ़वाकर,राजेंद्र सिंह, सीटू तपन सेन, बीएमएस डीके पांडे जमे हुए हैं।

- एनजेसीएस में नेताओं की मौज-बीएकेएस
- कमेटी में सदस्य कौन रहेगा यह यूनियन तय करेगी: सीटू

### वेतन समझौता भी लंबित, कर्मियों के हितों की रक्षा

वहीं दूसरी ओर एनजेसीएस यूनियनों का कहना है कि जनाधार की तलाश वाली यूनियनें अप ने बारे में सोचें। एनजेसीएस सदस्य कौन होगा यह हमारी यूनियनें तय करेंगी, प्रबंधन या गैर एनजेसीएस यूनियन नहीं । एटक के महासचिव वीके सोनी का कहना है कि एनजेसीएस केंद्रीय यूनियनों व उच्च प्रबंधन के बीच एक द्विपक्षीय प्रजातांत्रिक कमेटी है जो सेल स्तर पर 50 साल से कर्मचारी हित में काम कर रही है। इसमें सभी फैसले सर्वसम्मित से होते हैं। एनजेसीएस पर प्रायोजित हमला केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के चलते हो रहा है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी बताते हैं कि एनजेसीएस में कौन सदस्य रहेगा यह संबंधित यूनियनें तय करेंगी, प्रबंधन या गैर एनजेसीएस यूनियन नहीं। सार्वजनिक स्टील क्षेत्र में एनजेसीएस सरकार व सेल से मान्यता प्राप्त पहला फोरम है, जो सेल गठन के बाद से ही बिना सीलिंग ग्रेज्युटी व वेतन समझौता जैसे उपलब्धियों सहित कर्मियों के हितों की रक्षा कर रही है। यदि सेल के उपक्रम व कर्मी एकजुट हैं तो इसलिए कि एनजेसीएस जिंदा है। एनजेसीएस यूनियनें चुनाव के लिए नहीं कर्मी व सेल हित में काम करती हैं।

## बांग्लादेशी फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला पुलिस गिरफ्त में, आरोपी रकम भी वसूलता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बांग्लादेशी महिला को मकान में छिपाकर रखने और उसका दस्तावेज तैयार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 319(2), 336(3), 3(5) बीएनएस, 14-ए विदेश नागरिक विषयक अधिनियम 1946 की धारा 3, एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 के तहत कार्रवाई की है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई के लिए जिले में एसटीएफ की टीम बनाई गई है। अपनी पहचान छिपाकर रह रही शहीदा खातून उर्फ ज्योति रासेल, मोहम्मद रासेल शेख को बीते दिनों पुलिस ने कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। जांच में पता चला कि दोनों को मकान किराए पर देकर रकम वसूसलने व फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला कांट्रैक्टर कॉलोनी सुपेला निवासी हरेराम प्रसाद 45 वर्ष था, जिसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हरेराम प्रसाद उक्त दोनों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहचान छिपाकर किराए का मकान दिलाया था। प्रतिमाह किराए के रूप में रकम भी इनसे वसूला करता था।



- सुपेला पुलिस ने की कार्रवाई, महिला किराए के मकान में रहती थी

### कई हैं संदेह के घेरे में

मिली जानकारी के मुताबिक बांग्लादेशी महिला के किराए के मकान में कई लोगों का आना जाना रहा है। इसके बारे में हरेराम तक को जानकारी होना बताया गया है। फर्जी दस्तावेज तैयार कराने कई लोगों का हाथ होने की जानकारी मिल रही है। इसके अलावा आरोपी हरेराम अर्से से उक्त महिला पुरुषों को रखा हुआ था। पुलिस संदेहियों की जानकारी जुटा रही है। इनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

## बड़े ठेकेदारों के हित को ध्यान रखकर बनाई जा रही टेंडर पॉलिसी, विरोध

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट कॉन्ट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का निर्णय बैठक में लिया गया है। बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई, जिसमें बड़े ठेकेदारों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार की जाने वाली पॉलिसी को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। बैठक में कुछ सदस्यों के प्रयास से श्रमिकों के भविष्य एवं परिवार का ध्यान रखते हुए बेहतरीन बीमा का लाभ दिलाए जाने की जानकारी दी गई। प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के अवैध स्वाथ्य परीक्षण का विरोध दर्ज कराया गया। एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने ईएसआईसी रायपुर में मिलकर सकारात्मक चर्चा की जानकारी दी। प्रबंधन द्वारा कुछ समय से बाहरी एवं बड़े ठेकेदारों को षड़यंत्र पूर्वक लाकर काम दिलाया जा रहा है। पंजीकृत ठेकेदारों को भी दरकिनार कर बड़े ठेकेदारों के हित को ध्यान में रख कर टेंडर बनाया जा रहा है, जिसका विरोध किया गया। बैठक में अध्यक्ष मदुसूदन शर्मा, महासचिव विद्यासागर त्रिपाठी, आर मधुसूदन नायर, इंद्रजीत सिंह, मनीष कुमार शर्मा, राजेंद्र यादव, उमाकांत खंडेलवाल, ब्रजेश सिंह, राजेश कुमार साह सहित अन्य मौजूद थे।

- बीएसपी कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठन पर बनी सर्वसम्मति



### सेल कारपोरेट अफेयर्स व एसएसपी की पहल

## अब सेल कर्मचारियों को रियायती दर पर मिलेंगे स्टेनलेस स्टील यूटिलिटी उत्पाद, 35 प्रति.छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने वर्तमान और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एक विशेष रियायत योजना की घोषणा की है। इसके तहत वे सेल के सेलम स्टील प्लांट (एसएसपी) द्वारा निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील यूटिलिटी उत्पादों पर 35% की विशेष छूट का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल सेल के कॉरपोरेट अफेयर्स डिवीजन और सेलम स्टील प्लांट द्वारा शुरू की गई है। यह योजना केवल सेल के कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए लागू होगी और इसका उद्देश्य स्वदेशी रूप से निर्मित, खाद्य-ग्रेड स्टेनलेस स्टील उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। योजना के अंतर्गत छूट प्राप्त उत्पादों को सेल की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन ऑर्डर किया जा सकता है। इसके लिए एक समर्पित ऑनलाइन फॉर्म उपलब्ध कराया गया है। सेलम स्टेनलेस स्टील प्लांट ने अपनी वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स (वीएप) श्रृंखला के तहत घरेलू उपयोग हेतु एक विविध और व्यापक उत्पाद रेंज तैयार की है।



### स्वच्छता व मजबूती की दृष्टि से हैं उत्तम

वीएपी के तहत डिनर सेट, कैसरोल, लंच बॉक्स, पानी की बोतलें, भंडारण कंटेनर, कुकवेयर, सर्विंगवेयर, टंबलर और फ्लास्क जैसे स्टेनलेस स्टील घरेलू सामान शामिल हैं। ये उत्पाद न केवल स्वच्छता और मजबूती की दृष्टि से उत्तम हैं, बल्कि इनकी डिजाइन भी आधुनिक घरेलू आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यंत सुरुचिपूर्ण ढंग से तैयार की गई है।

## प्रवर्तन टीम ने हटाए दर्जनभर कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा टाउनशिप में यातायात व्यवस्था सुगम करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे बेदखली अभियान के दूसरे दिन कब्जा कर व्यवसाय कर रहे ठेलों को हटाया गया। सेक्टर-6, साईं बाबा मंदिर रोड, जेपी चौक सुपेला अंडर ब्रिज, चंद्रा-मौर्या टॉकीज अंडर ब्रिज तथा सेक्टर-1 फ्लाईओवर ब्रिज आदि प्रमुख मार्गों से ठेला, खोमचे और गुमटी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

एक दर्जन से अधिक अवैध कब्जे हटाए और चार ठेलों को जप्त भी किया। सड़क किनारे अतिक्रमण कर कई ठेलों व खोमचों को सख्त समझाइश दी गई। इससे एक दिन पूर्व सेक्टर-10 और सेक्टर-8 क्षेत्रों में अतिक्रमणकारियों और लंबे समय से लावारिस खड़े पुराने वाहनों व ठेलों के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई की गई थी। कब्जाधारियों के विरुद्ध न अभियान जारी रहेगा।

### जल्द ही सहायक शिक्षक भर्ती की छठवीं लिस्ट जारी करने पर दिया जोर

# डीएड-डिप्लोमा अभ्यर्थियों ने रिक्त 1316 पदों पर नियुक्ति को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ डीएड- डिप्लोमा अभ्यर्थी संघ ने मंगलवार को नियुक्ति को लेकर प्रदेशस्तर पर प्रदर्शन किया।

- केबिनेट मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से की मांग

दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए। सहायक्र शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6 वी लिस्ट जारी करने की मांगो को लेकर अभ्यर्थी कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से मिलकर अपनी मांगो को रखा।

### कोर्ट के आदेश का हो पालन

संघ ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहायक्र शिक्षक भर्ती 2023 का मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया था। जिसमे कोर्ट ने आदेश पारित किया है कि बीएड अभ्यर्थियों की जगह योग्य डीएड अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्त किया जाए। डीएड अभ्यर्थियों की पंचम चरण की कॉउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें लगभग 2615 अभ्यर्थियों को केवल 1:1 मे बुलाया गया था जिसमे नॉन डीएड अभ्यर्थी व अपात्र लोगों को भी बिना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के स्कूल अलॉट कर दिया गया। जिसके कारण अभी 50% सीटें रिक्त रह गई हैं, वर्तमान मे रिक्त पदों की संख्या 1316 है।



### दो महीने बाद भी छठवीं लिस्ट जारी नहीं

संघ ने बताया कि पंचम चरण की कॉउंसलिंग के 2 माह पश्चात भी अब तक विभाग द्वारा इन रिक्त पदों पर 6 वी चरण की लिस्ट जारी नहीं किया जा रहा है न हीं किसी प्रकार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जा रही है। अभ्यर्थी बार- बार विभाग जाकर थक चुके हैं। विभाग जाने पर भी अधकारियों द्वारा स्पष्ट और सही जानकारी नहीं दिया जा रहा है। बस टालमटोल हो रहा है।

### अभ्यर्थी खा रहे हैं दर-दर ठोकर

अभ्यर्थियों ने कहा कि नियमतः विभाग को पंचम चरण की काउंसलिंग पश्चात तत्काल छठवे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ करनी थी क्योंकि अभी भी भर्ती की वैधता 1 -07-2025 तक बची हुई हैं। लेकिन विभाग नियमों को दरकिनार कर अभ्यर्थियों की मांग को अनदेखा कर रही है। जिससे अभ्यर्थी दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हो रहे हैं।



02



22वीं व 23वीं पैरा एशियन आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में स्नेहा ने जीता कांस्य पदक

लाइव इवेंट

## व्यापमं ने जारी किया बीएड व डीएलएड का एडमिट कार्ड



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ वयावसायिक परीक्षा मंडल ने प्री डीएलएड और प्री बीएड परीक्षा का एडमिट कार्ड आधिकारिक vyapam-cg.cgstate.gov.in वेबसाइट पर जारी कर दिया है। इसके साथ ही अकादमिक सेशन 2025-26 के लिए डीएलएड और बीएड कोर्स में भी एडमिशन होगा। प्री बीएड परीक्षा 22 मई को सुबह में और प्री डीएलएड परीक्षा 22 मई को दोपहार के बाद शाम को आयोजित की जाएगी। दुर्ग-भिलाई में बीएड और डीएलएड के लिए कई प्रमुख कॉलेजों में शामिल हैं। राज्य के कॉलेजों में बीएड की 14 हजार से ज्यादा और डीएलएड की करीब 6 हजार से ज्यादा सीटें हैं। पहले डीएलएड की तुलना में बीएड की डिमांड ज्यादा थी। लेकिन पिछले साल से ही डीएलएड की डिमांड बढ़ी गई है। बीएड और डीएलएड परीक्षा केंद्र में परीक्षा के दिन अभ्याथी को निधारित समय से एक घंटा पहले पहुंचना अनिर्वाय होगा । केंद्र में उम्मीद्वार की पहचान उसके मुल पहचान पत्र द्वारा वेरीफाई कि जाएगी। अभ्याथी को अपने साथ डाक्युमेंट साथ लाने होगें । जिसमें एडमिट कार्ड मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी आदि शामिल है। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, पर्स, बैग, स्कार्फ, या किसी भी प्रकार की संदिग्ध चीजें लाना वर्जित है । परीक्षा केंद्र में प्रवेश पत्र से जुड़ी किसी भी समस्या के हल के लिए 0771-2972780 इस नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कॉल कर सकते हैं।

सिटी इवेंट

## बिजली सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर अधिकारी सम्मानित



**भिलाई।** ऋषभ सिटी प्राइम कॉलोनी में सम्मान समारोह का आयोजिन किया गया। इस सम्मान समारोह में कॉलोनी के अध्यक्ष आरपी अहिरवार एवं सह-सचिव तुलिका चौधरी ने सीएसपीडीसीएल के अधिकारी दिलेन्द्र देशमुख सहायक अभियंता एवं उनके कर्मठ कर्मचारीगण मनहरण साहू, टिकेन्द्र धुरंधर, टीका राम देशमुख, गुरदीप, महेंद्र भारती सहित अन्य को सम्मानित किया। विगत दिनों बी. टावर के पीछे के ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई, जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल गया। जले हुए ट्रांसफार्मर को बदला गया।यह चुनौतीपूर्ण कार्य दिलेन्द्र देशमुख सहायक यंत्री के साहसिक नेतृत्व में हुआ। इस कार्य निष्पादन के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। इसमें सुनील बेल चंद्रन कनिष्ट अभियंता का विशेष सहयोग रहा। इस प्रकार कई अन्य कार्य किए जाने की वजह से उन्हें सम्मानित किया गया। जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल गया। जले हुए ट्रांसफार्मर को बदला गया।यह चुनौतीपूर्ण कार्य दिलेन्द्र देशमुख सहायक यंत्री के साहसिक नेतृत्व में हुआ। इस कार्य निष्पादन के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। इसमें सुनील बेल चंद्रन कनिष्ट अभियंता का विशेष सहयोग रहा। इस प्रकार कई अन्य कार्य किए जाने की वजह से उन्हें सम्मानित किया गया।

- ऋषभ सिटी प्राइम कॉलोनी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

सिटी इवेंट

## विश्व कल्याण के लिए शनि जयंती महोत्सव 25 से 27 मई तक



**भिलाई।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शनि जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन शनिग्रह मंदिर, मैत्री विहार राधिका नगर सुपेला में 25 मई से 27 मई तक पं. कौशलेन्द्र मणि त्रिपाठी और पं. विवेकानंद मणि त्रिपाठी के सानिध्य में किया गया है। प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक और शाम 5 से 7 बजे तक शनि, राहु केतु आदि नवग्रहों से कष्ट निवारणार्थ शनि-नवग्रह पूजन, अभिषेक, महायत्र का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें शनि दोष शनि की साढ़ेसाती, अढैया अन्य ग्रहपीड़ा से पीड़ीत व्यक्ति, शारीरिक मानसिक, आर्थिक आदि संकटों के निवारणार्थ-विवाह बाधा, रोग निवारण सन्तान (संतति) विलम्ब दोष निवारण हेतु अनेक आध्यात्मिक प्रयोग काशी (उत्तर प्रदेश) के आचार्य, गुरुकुल से दीक्षित आचार्य पंडित द्वारा किया जा रहा है। महोत्सव के पहले दिन 25 मई को सुबह 8 बजे से वेदी पूजन प्रारंभ किया जाएगा, वही दूसरे दिन राम दरबार, हनुमान, माता, भोलेनाथ के अभिषेक के साथ विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा। साथ ही महोत्सव के अंतिम दिन शनि महाराज का अभिषेक एवं श्रृंगार किया जाएगा। महाप्रसाद एवं भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा।

वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के तहत एसएनजी स्कूल सेक्टर-4 में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

# लोकतंत्र का मतलब असहमति से सहमति की ओर बढ़ना यदि सभी एकराय हो गए तो इसका औचित्य नहीं : पांडेय

**एक राष्ट्र एक चुनाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एकदिवसीय सेमीनार का आयोजन मंगलवार को एसएनजी विद्यालय सेक्टर-4 में हुआ। यंगिस्तान द्वारा आयजित कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने लोकतंत्र की मूल भावना, संविधान की विविधता और वन नेशन, वन इलेक्शन जैसे विचारों पर खुलकर चर्चा की। पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र का सार असहमति से सहमति की ओर बढ़ना है। यदि हर कोई एक मत हो, तो लोकतंत्र का कोई औचित्य नहीं रह जाता। देश का संविधान इसीलिए समावेशी है क्योंकि उसमें देश के हर कोने से आए प्रतिनिधियों की आवाज शामिल है। डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जैसे नेताओं ने देश के संविधान को बनाते समय विश्व भर की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं को आत्मसात किया। सबका उद्देश्य एक ही था कि भारत की विविधता में एकता को सुरक्षित और सशक्त बनाना।**

**भिलाई।** विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने कहा कि भारत में जितने चुनाव होते हैं, उतने शायद दुनिया के किसी अन्य लोकतंत्र में नहीं होते। पंचायतों से लेकर संसद तक, सहकारी समितियों से लेकर मंडियों और कॉलेजों तक, हर स्तर पर चुनाव होते हैं। इससे स्पष्ट है कि भारत ने लोकतंत्र को सिर्फ एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि जीवनशैली के रूप में अपनाया है। उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि आज़ादी के बाद जो संविधान सभा बनी, वही आगे चलकर लोकसभा में तब्दील हुई। भारत में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और नगर निकायों के लिए अलग-अलग चुनाव होते हैं, जिससे समय और संसाधनों की भारी खपत होती है। इसलिए इस विचार को गंभीरता से लिया जाना चाहिए कि क्या सभी चुनाव एक साथ संभव हैं? संविधान की संरचना और चुनावी प्रक्रियाओं का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की राज्यसभा अमेरिका की सीनेट की तरह है, लेकिन उसका कार्यकाल छह वर्षों का रखा गया है, जबकि अमेरिका में यह पांच वर्षों का होता है। राज्यसभा एक स्थाई सदन है, जिसमें हर दो वर्ष में एक तिहाई सदस्यों का चयन होता है। चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता केवल योजनाओं की घोषणा पर रोक नहीं लगाता, बल्कि प्रशासनिक कार्यों की गति को भी धीमा कर देता है। अधिकारियों से लेकर स्वास्थ्यकर्मियों तक, लाखों लोग चुनावी कार्य में लग जाते हैं, जिससे नियमित सरकारी कामकाज प्रभावित होता है।





### चुनावी सुधार नहीं सामाजिक आर्थिक परिवर्तन का माध्यम भी

भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं यंगिस्तान संयोजक मनीष पाण्डेय ने कहा कि यह केवल एक चुनावी सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी, महिलाएं, ग्रामीण नागरिक और समाज के सभी वर्ग इससे लाभान्वित होंगे। आज जिस तरह से देश में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं, उससे केवल समय और संसाधनों की ही नहीं, बल्कि आम जनता की ऊर्जा की भी बड़ी बर्बादी होती है। कई बार ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को मतदान में भाग लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। एक साथ चुनाव होने से न केवल सुविधा बढ़ेगी, बल्कि देश में विकास कार्यों की निरंतरता भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था से युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलेगा और प्रशासनिक व्यवस्था भी अधिक पारदर्शी बनेगी। यह विचार केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को भी मज़बूत करता है।

### देश में 9 लाख से ज्यादा मतदान केंद्र, बार-बार चुनाव से दिक्कत

पाण्डेय ने कहा कि देश में लगभग नौ लाख मतदान केंद्र हैं और देश की कुल सरकारी कर्मचारी संख्या लगभग साढ़े तीन से चार करोड़ के बीच है। इस सीमित मानव संसाधन को बार-बार चुनाव प्रक्रिया में झोंकना, देश की कार्यकुशलता और सेवा प्रणाली को प्रभावित करता है। ऐसे में यह विचारणीय है कि क्या हम एक बेहतर प्रणाली की ओर बढ़ सकते हैं, जहाँ समय, धन और मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग हो? उन्होंने कहा कि इस पहल ने न केवल लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का कार्य किया, बल्कि इसमें उठाए गए विचारों ने सभी उपस्थित जनों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि भारत का लोकतंत्र जितना व्यापक है, उतना ही व्यावहारिक और उत्तरदायित्वपूर्ण भी होना चाहिए।

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने तैयार किया था ड्राफ्ट



कार्यक्रम को शासकीय वीवायटीपीजी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राजनीतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. शकील हुसैन ने संबोधित करते हुए बताया कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने एक देश, एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन) की संकल्पना को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। समिति का मानना है कि बार-बार होने वाले चुनावों से देश की अर्थव्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्य प्रभावित होते हैं। यदि सभी चुनाव एक साथ कराए जाएं, तो इससे न केवल भारी आर्थिक बचत होगी, बल्कि नीति निर्माण और कार्यान्वयन में निरंतरता भी बनी रहेगी। इस ऐतिहासिक पहल को भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में एक दूरदर्शी और क्रांतिकारी सुधार के रूप में देखा जा रहा है, जो आने वाले समय में राजनीति और शासन की दिशा को एक नई दिशा दे सकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, वीरेंद्र साहू, शिरीष अग्रवाल, बृजेंद्र सिंह, प्रेमलाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## योग व ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने किया प्रेरित, सुदर्शन क्रिया का कराया अभ्यास

**भिलाई।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा ज्ञान, ध्यान एवं योग साधना का 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर स्टेशन रोड के सामने स्थित वाणी होटल शुरू हुआ। 25 मई तक चलने वाले कोर्स में शामिल होने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रशिक्षण शिविर में सुबह 6 से 9 बजे तक जीवन जीने की कला के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विभिन्न व्यायामों के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने की कला सिखाई जा रही है। यह 6 दिवसीय उक्त शिविर में सबसे महत्वपूर्ण क्रियाओं कोर्स का अभ्यास कराया जा रहा है। यह कोर्स योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। इस कोर्स में योग क्रियाओं और योग आसन की जानकारी दी जा रही है। इससे प्रतिभागियों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया, साथ ही प्रतिभागियों का एक दूसरे से परिचय भी कराया गया। स्वागत के बाद योगासन फिर शवआसन किया गया। जिसके बाद प्रतिभागियों को शिक्षक द्वारा श्वांस का महत्व बताया गया, फिर श्वांस के माध्यम से प्राणायाम सिखाया गया। प्रशिक्षण शिविर में उत्साह को बनाए रखने के लिए गेम खिलाया गया। वहीं प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया।

- आर्ट ऑफ लिविंग का 6 दिवसीय आयोजन, 25 मई तक स्टेशन रोग में लगाया शिविर



## चेंबर ने व्यापारियों को अवेयर करने चलाया अभियान

**भिलाई।** छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की मुहिम एक देश एक चुनाव की स्मृतिनगर से शुरुआत हुई। जागरुकता यात्रा स्मृति नगर में निकाली गई। पदाधिकारी और व्यापारी शामिल हुए। इस यात्रा में सैकड़ो व्यापारियों ने भाग लेकर इस बात का समर्थन किया। इस यात्रा में अजय भसीन, अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा, भूपेंद्र नेमा, अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, ओमप्रकाश शर्मा, सुनील मिश्रा, प्रमोद कोल्हटकर, शिवराज शर्मा, नवल अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। भसीन ने कहा कि बार-बार चुनाव धन की हानि के साथ व्यापारी वर्ग के लिए भी बार बार आचार संहिता में परेशानी का कारण बनता है। एक चुनाव विकसित भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। चेंबर का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में व्यापारियों को जानकारी दी जाएगी।

## नवविवाहितों को संस्कारवान बनाने दी गई जानकारी



**दुर्ग।** मोतीपारा, शारदा टॉकिज के पास स्थित प्राचीन मोती महावीर मंदिर में महिलाओं के लिये गर्भसंस्कार कार्यशाला एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि डॉ. मानसी गुलाटी ने गर्भस्थ महिलाओं एवं नवविवाहित महिलाओं को संस्कारवान शिशु प्राप्ति के बारे में जानकारी दी। मंदिर न्यास समिति के प्रधान न्यासी, अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने वर्तमान परिवेश में गर्भ संस्कार की आवश्यकताओं एवं लाभ पर चर्चा की। मंदिर मठ समिति के संयोजक आचार्य निलेश शर्मा ने गर्भ संस्कार का संक्षिप्त परिचय दिया। द्वितीय चरण में उपस्थित महिलाओं के द्वारा गर्भसंस्कार के संबंध में परिचर्चा एवं प्रश्नोत्तर का आयोजन किया गया। मनोज ताम्रकार, मंगल गुप्ता, आनंद यादव, ममता अग्रवाल आदि मौजूद थे।

16.10 लाख की लागत से किया तैयार, सांसद-विधायक पहुंचे उद्घाटन में

कार्नर न्यूज



**भिलााई।** प्रदेश का पहला रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर रिसाली के आत्मानंद गार्डन में बनकर तैयार हो गया है। इसके निर्माण पर 16.10 लाख रुपए खर्च किए गए। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्टेट रोल बॉल एसोशिएसन के अध्यक्ष और सांसद विजय बघेल ने इसका लोकार्पण किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा कार्यक्रम में मौजूद थे। नए रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर पर 25 से भी अधिक बच्चों ने अपनी कलाबाजियां का प्रदर्शन किया। बघेल ने इस अवसर पर कहा कि रिसाली में बने प्रदेश स्तर का पहला स्केटिंग ग्राउण्ड सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने विधायक की सक्रियता और उनकी सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि रिसाली भले ही छोटा है, किन्तु यहां उल्लेखनीय कार्य के लिए चिन्हित है। उन्होंने आत्मानंद गार्डन के निर्माण और संचालित गतिविधियों के लिए निगम के सभापति केशव बंछोर को बधाई दी। सांसद ने कहा कि अब रिसाली में भी राष्ट्रीय स्तर व फेडरेशन के खेल आने वाले वर्षों में कराए जाएंगे।

## प्रदेश का पहला रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर रिसाली में बना, बच्चों ने दिखाई कलाबाजियां, आने वाले समय में होंगी राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं



### रिसाली निगम क्षेत्र बनेगा जिले के लिए रोल मॉडल

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने ललित चंद्राकर ने लोकार्पण के अवसर पर कहा कि इस ग्राउण्ड से अभ्यास कर बच्चे राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर रिसाली का नाम रोशन करें। यही उनकी इच्छा है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है। प्राथमिकता के आधार पर कार्य को स्वीकृत कर विकास की कड़ी को जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने रिसाली निगम क्षेत्र को प्रदेश में रोल मॉडल बनाकर प्रस्तुत करने की बात कही। महापौर शशि सिन्हा ने आत्मानंद गार्डन में बने स्केटिंग फ्लोर के लिए सांसद और विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया। महापौर ने सांसद के प्रयास से मिली सौगात को गौरव पूर्ण सौगात होना बताया।

### स्ट्रीट लाइट और अन्य कार्यों का भी लोकार्पण

इस अवसर पर ग्रामीण विधायक ने 18.98 लाख के वार्ड 23 प्रगतिनगर रिसाली में बीएसएनएल से आशीर्वाद भवन मोड़ तक और वार्ड 5 एचएससीएल कॉलोनी सियाराम शॉप से ब्लाक ए तक लागत 5.44 लाख से विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में स्वागत भाषण सभापति केशव बंछोर व आभार प्रदर्शन आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, माया यादव, शीला नारखेड़े, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### सब जूनियर नेटबाल के फाइनल में बालक व बालिका टीम बनी विजेता



**भिलाई।** पांचवी सब जूनियर राज्य स्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता जांजगीर में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में दुर्ग के बालक टीम ने सभी मैच जीतकर फाइनल मैच में रायपुर को 11-6 गोल से हराकर फाइनल मैच अपने नाम किया। इसी तरह बालिका टीम ने भी अपने वर्ग के सभी मैच जीतकर फाइनल मैच धमतरी के साथ 10-4 के स्कोर से मैच अपने नाम किया। दुर्ग बालिका टीम में रिया यादव, टी सायका सोनाक्षी, श्रुति, नाजिया, रीशा सोनी अदिति, रेवा, प्रियांशी, भावना और बालक टीम में विनायक पवार, रूद्र रंगारी, रिद्धिक चटर्जी, फरहान अली, टिकेश, पूरब, अनिल, अयान आलम, काव्या साहू, कार्तिक, एस शुभम, अंकित सहित सभी टीम भावना से खेलते हुए विजेता बने। दुर्ग जिला नेटबॉल टीम के इस उपलब्धि पर भिलाई विद्यालय ग्राउंड के वरिष्ठ पदाधिकारी संतोष साहू, अब्बास आलम, विजय छलोत्रे, वरिष्ठ खिलाड़ी इमरान खान, मनोज साहू, सोनम शर्मा, टीम के कोच एस मोहन राव, मिशा सिंह, अर्जुन पांडे ने टीम की इस उपलब्धी के लिए सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## लाइव इवेंट

### छत्तीसगढ़ शासन ने बढ़ाई कलाकारों की पेंशन राशि, सौंपा था 14 सूत्रीय मांग पत्र



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के संस्थापक व प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक कलाकार नवल दास मानिकपुरी ने शासन द्वारा वयोवृद्ध कलाकारों की पेंशन राशि बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार का आभार जताया है। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2023-24 और 2024-25 का लोक कलाकारों का रुका हुआ भुगतान करवाने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर भी संतोष जताया किया है। कबीर भजन लोकगीत गायक, आकाशवाणी दूरदर्शन एवं फिल्म कलाकार नवल दास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के माध्यम से प्रदेश के लोक कलाकारों की आवाज छत्तीसगढ़ शासन तक पहुंचाते रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार व मौजूद विष्णुदेव साय सरकार को लोक कलाकारों की दशा को लेकर 14 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा था। जिसमें कलाकार की पेंशन को दो हजार रुपए से बढ़ाकर पांच हजार रुपए करने भी निवेदन किया गया था। इसके साथ ही ज्ञापन में वर्ष 2023-2024 और 2024-25 में संस्कृति विभाग द्वारा करवाए गए आयोजनों के भुगतान नहीं होने से लोक कलाकारों के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति से अवगत कराया था। नवल दास मानिकपुरी ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलाकारों की पेंशन राशि को दो हजार रुपए से बढ़ाकर पांच हजार रुपए करने की घोषणा की है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार को पत्र लिखकर कलाकारों की मानदेय राशि का तत्काल भुगतान करने आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पिछले दिनों ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ से परमेश्वर मरकाम, कन्हैयालाल, यशवंत कुमार पाण्डे, लखन लाल चौहान, ब्यास नाथ योगी, जीवन लाल कुंभकार, कृष्णा साहू, टीका राम सारथी, बलिदास मानिकपुरी, संतोष थापा और मनोज आदि मौजूद थे। सभी ने महासंघ की पेंशन बढ़ोत्तरी और लंबित भुगतान पर सकारात्मक पहल करने छत्तीसगढ़ शासन का आभार जताया है।

- छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ के प्रदेशाध्यक्ष और लोककलाकार नवलदास मानिकपुरी ने जताया शासन का आभार, रुका हुआ भुगतान भी होगा जल्द

## समाज इवेंट

### छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का स्थापना दिवस पर आज प्रतिभावान होंगे सम्मानित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मई दिवस को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट श्रमिकों, निःस्वार्थ सेवा देने वाले समाजसेवियों और 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ.डी पी देशमुख ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त रायपुर आईएएस महादेव कावरे उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बी एल कुर्रे अध्यक्ष गुरुघासी दास सेवा समिति सेक्टर 6 भिलाई और संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष संतकुमार केसकर संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा व संयोजिका सुमन देवांगन उपस्थित रहेंगे। संस्था के प्रदेश महामंत्री लखन लाल साहू, उपाध्यक्ष अनुरूप साहू, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, युवा अध्यक्ष शुभ्रकान्त ताम्रकार, संभाग प्रमुख शेखर साहू, महिला अध्यक्ष रामदुलारी ताम्रकार और भानुप्रताप यादव अध्यक्ष दुर्ग जिला कर्मचारी-अधिकारी एसोशिएशन ने कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्यों को उपस्थित रहने को कहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन द्वारा किया जाएगा।

- छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का आयोजन स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह

---

● ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में समर कैंप का समापन, रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

# ब्रह्ममुहूर्त में उठकर परमात्मा और माता-पिता को हर बात के लिए धन्यवाद दें, तो उनकी दुआओं से बढ़ोगे आगे, शिव तांडव की प्रस्तुति

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में बच्चों के लिए आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप के समापन पर समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने प्रेरणादायक रंगारंग क्रार्यक्रमों सहित शिव तांडव स्त्रोंत मंत्र पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह के अंत में पांच दिनों तक चलने वाले समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समर कैंप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. शरद पाटणकर पूर्व अध्यक्ष आईएमए उपस्थित होकर बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित बातें बताते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने प्रेरित किया। साथ ही इस समर कैंप में विभिन्न आयोजनों में विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। डॉ पाटणकर ने सभा में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपने करियर में सफल होना है तो रात को जल्दी सो कर सुबह जल्दी उठें। इसलिए पुराने समय से कहा जाता है कि ब्रह्ममुहूर्त में उठने वालों के सफलता कदम चूमती है।






### बीके रीटा ने बच्चों को दिया होमवर्क

दुर्ग ब्रह्माकुमारीज संचालिका रीटा बहन ने बच्चों को कहा कि हम एक बहुत छोटा सा होमवर्क दे रहे है जिसे आपको रोज करना है। आप प्रतिदिन सुबह उठने से रात को सोने तक पहले परमात्मा को, अपने माता-पिता को, अपने टीचर को, अपने फ्रेंड्स सहित हर किसी को, हर बात के लिए धन्यवाद दे, थैंक्स दे, थोड़े दिन में आप देखेंगे आपके लिए सभी के मन में असीम प्यार व स्नेह की उत्पत्ति होगी। आपको सभी की इतनी दुआएं मिलेगी कि आपके जीवन की सभी रुकावटें खत्म हो जाएंगी। आपका मन सदा खुश और प्रफुल्लित रहेगा। आप यह करके देखना और आप जो भी बनना चाहे वह बन जाएंगे। आपका हर संकल्प पूर्ण हो जाएगा । दुआओं में इतनी शक्ति है जो पहाड़ को भी राई बना देती है। इसलिए हर एक को हर बात के लिए थैंक्स दे तो आपका दुआओं का खाता बढ़ता जाएगा।

### अंतर्मन एक जिन्न की भांति, अच्छा सोचे, तो कहेगा जो हुकुम मेरे आका

सफलता के सूत्र विषय पर बोलते हुए बीके मालती ने कहा कि हमें आत्मविश्वास से ही सफलता मिलती है। यदि स्वयं में निश्चय रखकर आत्मविश्वास से कोई कार्य करेंगे तो वह अवश्य ही पूर्ण होगा और हम सफलता को प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने बच्चों को मन के विषय पर बताया कि किस प्रकार हमारा अंतर्मन एक जिन्न की भांति है हम जो कहें वह मान लेता है। हमारा अवचेतन मन व सबकॉन्शियस माइंड एक जिन्न की भांति कार्य करता है। जब हम अपनी अवचेतन मन को कोई कार्य देते तो वह कहेगा कि जो हुकुम मेरे आका।





वह अपनी बुद्धि नहीं चलाएगा। उसमें प्रोग्रामिंग है सिर्फ हमारे हुक्म को मानेगा। तो हम सदैव श्रेष्ठ विचारों की ही उत्पत्ति करें। तो पाएंगे कि हर क्षेत्र में सफलता को प्राप्त कर रहे हैं। इस समर के समापन अवसर पर कैंप में घनिष्ठा वैष्णव ने शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस समर कैंप के आयोजन को सफलता पूर्वक प्रारंभ से अंत तक संपन्न कराने में ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा, ब्रह्माकुमारी भारती सहित सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

---

## सिख यूथ सेवा समिति

### कन्या को स्वावलंबी बनाने शादी में दी सिलाई मशीन, लंगर व लावा फेरे की सेवा भी



**भिलाई।** सिख यूथ सेवा समिति भिलाई के द्वारा सेवा कार्य में आगे बढ़कर एक जरुरतमंद सिख समाज की बेटी का विधि-विधान से समिति के खर्च पर विवाह कराकर उसे परिवार बसाने में मदद की। इस दौरान कन्या को घरेलु जरुरत के सामान सहित स्वावलंबी बनाने सिलाई मशीन भेंट की। साथ ही डेढ़ सौ लोगो के खाने की सेवा और लावा फेरे की सेवा भी दी। मंगलवार को सिख यूथ सेवा समिति भिलाई ने एक बार फिर कन्या का विवाह करवाया। कन्या के घर पर दो छोटी बहनें, मां और एक भाई है जो की मानसिक रोगी है। समिति के पास खुर्सीपार बेबे नानकी गुरुद्वारा साहिब में फार्म जमा किया गया जिसका यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के द्वारा वेरीफिकेशन के पश्चात संस्था के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह के द्वारा समिति के कोर ग्रुप में सहमति के साथ 150 लोगो के खाने की सेवा, लावा फेरे की सेवा और उपहार स्वरूप सिलाई मशीन देने निर्णय लिया। जिसे आज बेबे नानकी गुरुद्वारा साहिब खुर्सीपार के सहयोग से पूरा किया गया। समिति के इस नेक कार्य के लिए गुरुद्वारा कमेटी और शादी में आए सभी लोगों ने समिति के सेवा कार्यो की सराहना की। समिति के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह ने बताया कि यूथ सिख सेवा समिति भिलाई का उद्देश्य है कि भिलाई में रहने वाला कोई भी सिख परिवार जो अपनी बेटी का विवाह कराने में सक्षम नहीं है तो वे अपने नजदीकी किसी भी गुरुद्वारा साहिब में समिति के द्वारा दिया फॉर्म भर के जमा करते है और फॉर्म में दी गई जानकारी समिति के वेरिफिकेशन में सही पाई गई तो बेटी की शादी की पूरी जवाबदारी समिति की होगी। आज हुई शादी में वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, उपाध्यक्ष हरनेक सिंह, महासचिव जसवंत सिंह सेनी, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, सचिव तरलोचन सिंह, सचिव हरपाल सिंह, खेलखूद समिति से हरजिंदर सिंह, विवाह समिति से सर्वजीत कौर, परमजीत कौर, कुलवंत कौर, सलविंदर कौर, रसपाल कौर, रानी कौर और संतोष कौर मौजूद थे।

## उपलब्धि...

### 22वीं व 23वीं पैरा एशियन आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में स्नेहा ने जीता कांस्य पदक




**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की बीएससी माइक्रो बायोलॉजी द्वितीय वर्ष की छात्रा स्नेहा सिंग ने 23वीं एशियन आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप एवं 22वीं पैरा एशियन आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंतर राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता नई दिल्ली में 11 मई को आयोजित की गई, जिसमें 10 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यंग गर्ल्स कैटिगरी में स्नेहा ने लगातार हर राउंड में बढ़त हासिल की और कड़े मुकाबले में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में वे तृतीय स्थान पर रही और कांस्य पदक जीता। इसके पहले भी स्नेहा ने मुंबई में आयोजित इंटरनेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था। उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के साथ ही प्रदेश का भी गौरव बढ़ा हैं।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा, कुलपति डॉ ए के झा, कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी एवं प्राध्यापकों ने बधाई दी है। लाइफ साइंस की विभागाध्यक्ष डॉ निहारिका देवांगन और डॉ परख सहगल ने स्नेहा की सराहना करते हुए कहा कि खेल के साथ ही वो शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती है। स्नेहा सिंग ने अपने कोच और परिवार के साथ ही कुलाधिपति आई पी मिश्रा को अपनी सफलता का श्रेय दिया है।




---

## कॉलेज में 'समकालीन किन्नर विमर्श व समलैंगिक विमर्श' का आयोजन

# 'किन्नर प्यार के भूखे होते हैं, प्रेम की प्यास इनके भीतर सदैव जीवित रहती है': जया जादवानी

कार्नर न्यूज




**भिलाई।** किन्नर हमारे ही समाज के अंग हैं पर उन्हें इंसान नहीं समझा जाता। उनके साथ अमानवीय व्यवहार किये जाते हैं। उनका घर में होना माँ-बाप को भी अपमान की तरह लगता है। अन्ततः उन्हें घर से निकाल दिया जाता है। समाज उन्हें अपराधियों की श्रेणी में डाल देता है। घर, परिवार, समाज में कहीं भी उन्हें प्यार नहीं मिलता। ये प्यार के भूखे होते हैं। प्रेम की प्यास इनके भीतर सदैव जीवित रहती है। उनके भीतर परिवार की भी गहरी आकांक्षा होती है। इधर किन्नारों के प्रति समाज में थोड़ा बदलाव आया है। संविधान ने भी उन्हें अधिकार दिये हैं पर समाज अब भी उन्हें मान्यता नहीं देता। उनके साथ हिंसा भी होती है।




### किन्नरों की जन्म-मृत्यु को आज भी माना जाता है कलंक

परिवार और समाज से ठुकराये हुए इन लोगों को अपवित्र आत्मा की तरह देखते हैं। इनका जन्म और मृत्यु दोनों कलंक माना जाता है। यह दुर्भाग्यजनक है कि किन्नरों के बारे में तो हम बात करते हैं पर 'लेस्बियन' के बारे में कोई चर्चा नहीं होती। इनका सबसे बड़ा विरोधी इनका परिवार होता है और कभी-कभी परिवार के द्वारा ही बलात्कार जैसा अमानवीय कृत्य कराये जाते हैं"। यह विचार सुप्रसिद्ध कथा लेखिका जया जादवानी ने शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई के हिन्दी शोध परिषद् एवं साहित्य परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'समकालीन किन्नर विमर्श एवं समलैंगिक विमर्श' पर व्याख्यान के दौरान व्यक्त किये।

### किन्नरों आज भी समाज में उपहास के पात्र

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश पांडे ने कहा कि "किन्नरों एवं समलैंगिकों की समस्याएं कुछ नैसर्गिक कमियों की वजह से उभर कर सामने आती है। समाज में अभी तक इनकी स्वीकृति नहीं है। उनके प्रति सोच को बदलने की आवश्यकता है। किन्नरों को आज भी हमारे समाज में हास्य और उपहास का पात्र माना जाता है। कोई भी उनके दुःख-दर्द और वेदना को नहीं समझता। इन पर केन्द्रित साहित्य इनके प्रति समाज को संवेदनशील बनाने का कार्य करेगा"। कार्यक्रम में वक्तव्य देते हुए डॉ. सियाराम शर्मा ने कहा कि "किसी भी जीवंत समाज को अपने समाज की विविध समस्याओं पर खुलकर विचार-विमर्श करना चाहिए। किन्नर और लेस्बियन हमारे ही समाज के अंग हैं। संवेदनशीलता के साथ उन्हें समझने की दृष्टि से इस व्याख्यान का आयोजन किया गया"। इस अवसर पर मशहूर कथा लेखिका जया जादवानी ने युवाओं में प्रेम, परिवार, विवाह और स्वतंत्रता पर केन्द्रित अपनी कहानी 'हमसफर' का पाठ किया। श्रोताओं ने कई मुद्दों पर लेखिका के साथ संवाद किये। शोध परिषद् के अध्यक्ष यशपाल जंघेल एवं सचिव नरोत्तम साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। भारती झा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शुभा शर्मा, डॉ. पी. वसंत कला, डॉ. अनुसूईया जोगी, प्रो. रितेश नायक, शोध निर्देशक डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी, एम.ए. हिन्दी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी एवं उतई महाविद्यालय एवं साइंस कॉलेज के शोध केन्द्र से जुडे शोधार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 हाई परफार्मेंस कैंप के लिए विकल्प का चयन



**रायपुर।** ऑल इंडिया जूनियर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर-19 हाई परफार्मेंस कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के विकल्प तिवारी का चयन किया गया है। उक्त कैंप 23 मई से 18 जून तक बेंगलुरु मे आयोजित किया जायेगा। उक्त खिलाडी बीसीसीआई के विषेशज्ञों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा शारीरिक प्रशिक्षण भी शामिल है।

### शिल्प कुमार और प्रतिष्ठा बने अंडर-13 राज्य शतरंज चैंपियन



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित होने वाली अंडर 13 फिडे रेटेड राज्य शतरंज चैंपियनशिप का समापन एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा में हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य भर के 20 जिलों से आए 126 प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भावना बोहरा, विधायक पंडरिया थीं। अध्यक्षता दीपेश साहू, विधायक बेमेतरा ने की। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग (बालक) में दुर्ग के शिल्प कुमार घोड़ेश्वर चैंपियन रहे। द्वितीय दुर्ग के ही अभिनव सिंह राजपूत, तृतीय रायपुर के देवांश जैन, चतुर्थः विराट अय्यर (दुर्ग), पांचवां प्रणव अग्रवाल (रायपुर), छठवांः युगविजय साहू (महासमुंद), सातवां अक्ष चोपड़ा (रायपुर) और आठवां भव्यम झावर (रायपुर) रहे। बालिका वर्ग में प्रथम प्रतिष्ठा अहिरवार (रायपुर), द्वितीय इशिका मड़के (दुर्ग), तृतीय हेतांशी मुदलियार (रायपुर), चतुर्थ से अष्टम स्थान पर क्रमशः सुकृति शर्मा (रायपुर), अदिति आदित्य (रायपुर), अद्विका पांडेय (रायपुर), अनिरुद्धि अनंत (रायगढ़) और परिधि लिल्हारे (दुर्ग) रही।

### साय ने किया बाजपेयी दिव्यांग क्रिकेट ट्रॉफी का अनावरण



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 24 मई से 27 मई 2025 तक श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल राष्ट्रीय टी-20 दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट (संस्करण-2) का आयोजन होने जा रहा है। इस विशेष आयोजन का संयोजन छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 26 मई को टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने का आश्वासन दिया। अनावरण समारोह के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उनके पुत्र अभिषेक बृजमोहन अग्रवाल, मुख्यमंत्री साय के दामाद त्रिमेद्रु सिंह कंवर, छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, मन्मद राव तथा महासचिव श्रीमंत झा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मध्य क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए बीमा की वालीबाल टीम तैयार



**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय व्हालीबाल चयन स्पर्धा का आयोजन 18 मई को सप्रे शाला स्थित व्हालीबाल मैदान, रायपुर में किया गया। जिसमें समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल के प्रबंधक (आईटी) एवं सलेक्शन समिति के चेयरमेन नीलमणि द्विवेदी थे। इस अवसर पर सलेक्शन कमेटी के सदस्य अनुरोध शर्मा, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन के सह सचिव ललित वर्मा, सुभाष साहू और अग्रेश्वर साहू उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य चयनकर्ता राजेश सोमवंशी, जनक राम यादव एवं लालजी निषाद थे। रायपुर मंडल के व्हालीबाल टीम में चयनित खिलाड़ियों में डी. संतोष कुमार (शाखा कार्यालय जगदलपुर), भुराज कहार (शाखा कार्यालय कांकेर), आयुष सिंह (एस.ओ. कोंडागांव, शाखा कार्यालय जगदलपुर), सत्यम कुमार (शाखा कार्यालय क्र-3 रायपुर) रायपुर मंडल की व्हालीबाल टीम में चयनित खिलाड़ी आगामी आयोजित होने वाली मध्य क्षेत्रीय व्हालीबाल चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे।

#### अध्ययन में सामने आई ये डराने वाली जानकारी

# गर्मी और प्रदूषण का साथ हो सकता है जानलेवा ऐहतियात बरतें और खुद को रखें हमेशा सुरक्षित

गर्मी-वायु प्रदूषण का मेल आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जलवायु परिवर्तन और वायुमंडलीय प्रदूषण का मेल अब केवल पर्यावरणीय नहीं बल्कि गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है।

देश के ज्यादातर हिस्सों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है, इससे लू (हीट स्ट्रोक) लगने सहित किडनी-ब्लड प्रेशर और हार्ट की समस्याएं बढ़ने का खतरा हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को इस मौसम में अपनी सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। लू से बचने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना भी जरूरी है।

बढ़ती गर्मी और वायु प्रदूषण दोनों ही सेहत के लिए बड़ा खतरा हैं, सोचिए ये दोनों स्थितियां एक साथ कितनी खतरनाक हो सकती है?

गर्मी-वायु प्रदूषण का मेल आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए गंभीर और चिंताजनक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जलवायु परिवर्तन और वायुमंडलीय प्रदूषण का मेल अब केवल पर्यावरणीय नहीं बल्कि गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। जियोहेल्थ जर्नल में प्रकाशित इसी से संबंधित एक अध्ययन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गंभीर खतरों को लेकर अलर्ट किया है।



### गर्मी और वायु प्रदूषण का संबंध

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, वायु की गुणवत्ता तापमान और मौसम के पैटर्न जैसे कारकों से प्रभावित होती है। गर्मी का मौसम भी वायु प्रदूषण के खतरे को बढ़ा देता है। गर्मी के दिनों में सूर्य की रोशनी का बढ़ा हुआ स्तर ग्राउंड-लेवल ओजोन, स्मॉग और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड को बढ़ाने लगता है। इस तरह से गर्मी के दिनों में वायु प्रदूषण का भी खतरा बढ़ जाता है। गर्म और धूप वाला मौसम जमीनी स्तर पर ओजोन प्रदूषण को बढ़ाने लगता है। ओजोन एक द्वितीयक प्रदूषक है जो रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा निर्मित होता है, ये सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है।

### एक साथ गर्मी और प्रदूषण हो सकता है जानलेवा



अध्ययनों से पता चलता है कि गर्मी और प्रदूषण की एक साथ स्थिति सेहत के लिए गंभीर समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती है। वायुप्रदूषण के अति सूक्ष्म कण पीएम 2.5 और अत्यधिक गर्मी दोनों मिलकर न केवल हीट स्ट्रोक जैसी स्थितियां उत्पन्न करते हैं बल्कि सांस की बीमारियां, हृदय रोग, मधुमेह की जटिलताएं और मस्तिष्क की कार्यक्षमता को प्रभावित करने वाले हो सकते हैं। आंकड़ों के मुताबिक भारत में वायु प्रदूषण और तीव्र गर्मी के संयुक्त प्रभाव ने बीते 30 वर्षों में लगभग 1,42,765 लोगों की जान ले ली।

### अध्ययन में क्या पता चला?

अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं कि पिछले तीन दशकों में न केवल गर्मी और प्रदूषण की घटनाएं पहले से अधिक बार हुई हैं, साथ ही इनके दौरान पीएम2.5 का स्तर भी काफी बढ़ा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 1990 से 2019 के बीच गर्मी और प्रदूषण भरे दौर में पीएम2.5 के संपर्क में आने से दुनिया भर में 6,94,440 लोगों की असमय मृत्यु हुई है।

भारत में किए गए अध्ययन में यह सामने आया कि जब गर्मी अत्यधिक होती है और उसी समय पीएम2.5 का



स्तर भी बढ़ा होता है तो मृत्यु दर में तीव्र वृद्धि होती है। करीब 36 लाख मौतों के डाटा के विश्लेषण में यह पाया गया कि अत्यधिक गर्म दिनों में, यदि पीएम 2.5 का स्तर 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर बढ़े तो उस दिन मौतों में 4.6% तक की बढ़ोतरी हो सकती है। यह आंकड़ा सामान्य दिनों में देखे गए 0.8% की वृद्धि से कई गुना अधिक है।



## लो कार्ब डाइट शुरू करने का है मन तो इन टिप्स को जरूर करें फॉलो

अगर आप लो कार्ब डाइट पर स्विच करने का मन बना रहे हैं तो आपको कुछ टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए। जिससे आपकी सेहत पर भी असर ना पड़े और बेहतर रिजल्ट भी मिल सकें।

जब भी बात वेट लॉस की होती है तो लोग सबसे पहले अपनी डाइट में बदलाव करने की सोचते हैं। अक्सर वेट लॉस के लिए वे हाई कार्ब फूड को अपनी डाइट से बाहर करते हैं और लो कार्ब डाइट लेना शुरू करते हैं। लो कार्ब डाइट ना केवल वजन कम करने में कारगर है, बल्कि इससे शुगर लेवल को बैलेंस करने में भी मदद मिलती है। इतना ही नहीं, इससे आप अधिक एक्टिव व एनर्जेटिक महसूस करते हैं।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि लो कार्ब डाइट सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि इस डाइट को सही तरह से फॉलो किया जाए। अक्सर लोग एकदम से लो कार्ब डाइट पर स्विच कर देते हैं, जिससे वे खुद को अधिक थका हुआ व चिड़चिड़ा महसूस करते हैं।

इतना ही नहीं, इससे उन्हें तरह-तरह के फूड्स की क्रेविंग भी होती है और ऐसे में वे कुछ भी खाना शुरू कर देते हैं। यही कारण है कि आप लो कार्ब डाइट शुरू करने से पहले अपने शरीर और मन को तैयार करें। थोड़ी सी योजना



बनाने से चीजें आसानी से चल सकती हैं और परिणाम भी बेहतर हो सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको बता रही हैं कि लो कार्ब डाइट शुरू करने से पहले आपको किन टिप्स को फॉलो करना चाहिए-

### पहले लो कार्ब के बारे में जानें

जब लोग लो कार्ब डाइट शुरू करते हैं तो बस किसी भी डाइट को बिना सोचे-समझे फॉलो करना शुरू कर देते हैं, जबकि आपको इस गलती से बचना चाहिए। हमेशा लो कार्ब पर स्विच होने से पहले इसके बारे में जानें। ऑनलाइन जानकारी हासिल करने के साथ-साथ किसी ऐसे व्यक्ति से बात करें जिसने यह किया हो और बहुत कम कार्ब, मीडियम कार्ब, या सिर्फ रिफाइंड कार्ब्स को कम करने के बीच के अंतर को समझें। याद रखें कि ज्ञान ही वास्तव में आपकी शक्ति हैं। जब आप जानते हैं कि आप क्या कर रहे हैं, तो आप सामान्य गलतियों से बचेंगे। साथ ही साथ, आप अपने मील प्लान भी अधिक स्मार्ट तरीके से बना पाएंगे।

### पानी अधिक पीना शुरू करें

लो कार्ब डाइट पर स्विच करने से पहले अपना वाटर इनटेक बढ़ाएं। कोशिश करें कि आप दिन में कम से कम 2-3 लीटर पानी अवश्य पीएं। चाहें तो आप उसमें नींबू, पुदीना, या खीरा आदि भी डाल सकते हैं। यह बेहद जरूरी है। दरअसल, कम कार्ब डाइट्स अक्सर आपके शरीर से पानी बाहर निकाल देती हैं।



## जून महीने से फिर शुरू होंगी शादियां, जानें मुहूर्त



अगर आप इस साल 2025 में शादी की योजना बना रही हैं तो आपको बता दें कि जून महीने में एक बार फिर से शादी के शुभ मुहूर्त शुरू होने जा रहे हैं। शादी किसी भी व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण पल होता है। यह एक ऐसा बंधन हैं जो न केवल दो व्यक्तियों का मिलन है, बल्कि दो परिवारों और संस्कृतियों का संगम भी होता है। हिंदू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त का होना विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि शुभ मुहूर्त और तिथि में संपन्न होने वाले विवाह सफल होते हैं और वैवाहिक जीवन सदैव सुखमय बना रहता है। ऐसा माना जाता है कि यदि विवाह में मुहूर्त का ध्यान न रखा जाए तो ऐसे विवाह से दांपत्य जीवन में चुनौतियां ला सकते हैं। इन्हीं कारणों से ज्योतिषी आपको विवाह का एक ऐसा मुहूर्त बताते हैं जिसमें शादी करने से आपके जीवन में सदैव समृद्धि बनी रहे।

जून का महीना गर्मी के चरम के साथ-साथ विवाह के लिए कई शुभ तिथियां भी लेकर आता है। यदि आप जून में शादी की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए विशेष हो सकता है। ज्योतिष के अनुसार, जून के महीने में विवाह के लिए कुछ शुभ तिथियां निर्धारित की गई हैं। इन तिथियों पर ग्रह और नक्षत्रों की स्थिति अनुकूल होती है, जो विवाह को सफल और सुखद बनाने में सहायक मानी जाती है। खासतौर पर 1, 2, 4 और 7 जून को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त बताए गए हैं। इन दिनों पर शादी करने सेदांपत्य जीवन में समृद्धिऔर खुशहाली का संचार होता है। इस महीने शादी के शुभ मुहूर्त यहां बताए जा रहे हैं।

| विवाह तिथियां | शुभ मुहूर्त |
|---|---|
| 1 जून 2025, रविवार | रात्रि 9:37 के बाद |
| 2 जून 2025, सोमवार | प्रातः 08:21 बजे से रात्रि 08:34 बजे तक |
| 4 जून 2025, बुधवार | प्रातः 08:29 बजे से 5 जून , प्रातः 05:23 बजे तक |
| 7 जून 2025, शनिवार | प्रातः 09:40 बजे से प्रातः 11:18 बजे तक |

## बासी रोटी को फिर से ताजा बना देगा यह गजब का हैक

रात की बची हुई रोटी तो सुबह आपने भी खाई होगी। कभी-कभी रोटी ज्यादा सूखी लगने लगती हैं। ऐसे में आप उसे फिर से फ्रेश बना सकती हैं। जी हां, बासी रोटी को फ्रेश बनाने का यह हैक आजमाकर देखिएगा।



हम सभी के घरों में कभी न कभी ऐसी स्थिति आती है जब सुबह की बनी हुई रोटियां रात तक बच जाती हैं। कई बार रात की रोटी अगले दिन खाई जाती है। कुछ लोग तो जानबूझकर रात को रोटी बचाते हैं, ताकि सुबह उसमें मलाई और चीनी डालकर खाई जा सके। बासी रोटी सुबह चाय के साथ भी एक बढ़िया स्नैक बन जाती है। मगर कई बार रोटी कुछ ज्यादा ही बासी और सूखी हो जाती है।

ड्राई रोटियां टूटने लगती हैं और उनके स्वाद में भी फर्क आ जाता है। उन्हें दोबारा खाने का मन नहीं करता। कुछ लोग इन्हें फेंक देते हैं, तो कुछ मजबूरी में खा लेते हैं। लेकिन एक छोटा-सा किचन हैक आपकी बासी रोटियों को फिर से ताजा बना सकता है। जी हां, जिस हैक की हम बात कर रहे हैं, वह एक पेपर है जिसका इस्तेमाल बेकिंग में किया जाता है। बटर पेपर या पार्चमेंट पेपर का इस्तेमाल आप रोटी को फ्रेश करने के लिए कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं, आइए इस लेख में जानते हैं।

### बटर पेपर से बनाएं बासी रोटी को ताजा

रोटी को फिर से ताजा बनाने के लिए उन्हें हल्का गीला करें। ध्यान रहे, ज्यादा पानी न हो वरना रोटी गीली होकर टूट सकती है। इसके बाद, इन रोटियों को एक-एक करके बटर पेपर में लपेट लें। रैप की हुई रोटियों को तवे पर गर्म कर लें। तवे को मीडियम आंच पर गर्म करें। ऊपर से रोटी का बंडल रखकर आंच धीमी करके ढक दें। 20-25 सेकंड बाद इसे पलटकर दूसरी ओर से भी सेंक लें। इसी तरह माइक्रोवेव में रोटी को गर्म करें। अगर आप जल्दी में हैं तो माइक्रोवेव में बटर पेपर लिपटी रोटी को 20-30 सेकंड तक गर्म करें। इस हैक से आपकी बासी रोटियां फिर से नरम और गरम हो जाएंगी जिनका आनंद आप फिर से ले सकती हैं।

बटर पेपर यानी पार्चमेंट पेपर आमतौर पर बेकिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसे किचन में कई तरह से उपयोग लाया जा सकता है। इन हैक्स के बारे में कई लोगों को जानकारी नहीं होती।

#### कार्नर न्यूज

#### सेहतमंद रहने जरूरी है जीवनशैली में बदलाव

# हर इंसान की दिनचर्या में जरूर होनी चाहिए कुछ सरल आदतें, बीमारियों से हमेशा रहेंगे दूर

हमारी अनियमित दिनचर्या, काम का बढ़ता दबाव और खानपान की गलत आदतें सीधे तौर पर हमारी सेहत पर असर डालती हैं। ऐसे में कुछ आसान आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप अपनी सेहत सुधार सकते हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

आज की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखना एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया है। हमारी अनियमित दिनचर्या, काम का बढ़ता दबाव और खानपान की गलत आदतें सीधे तौर पर हमारी सेहत पर पड़ता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम सेहतमंद रह ही नहीं सकते। अच्छी बात यह है कि आप अपनी जीवनशैली में बहुत बड़े बदलाव किए बिना भी स्वस्थ रह सकते हैं।

कुछ छोटी आदतें आप अपनी लाइफस्टाइल में शामिल कर लें, तो आप न सिर्फ शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनेंगे और कई तरह की बीमारियों से खुद को दूर रख पाएंगे। आइए इस लेख में ऐसे ही चार मुख्य आदतों के बारे में जानते हैं।

### सुबह की धूप में आधा घंटा बिताएं


सुबह की हल्की धूप विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत है, जो हड्डियों, इम्यूनिटी



और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। रोजाना सुबह 15-30 मिनट धूप में बिताने से मन हल्का होता है और डिप्रेशन और तनाव जैसी समस्याओं से आप दूर रहते हैं। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और स्लिप साइकिल को नियमित करता है।

### नंगे पैर खुले आसमान के नीचे टहलें

खुले आसमान के नीचे घास या मिट्टी पर नंगे पैर 10-15 मिनट टहलना शरीर और दिमाग के लिए फायदेमंद होता है। ये तनाव को कम करता है और रक्त संचार को बेहतर बनाता है। नंगे पैर चलने से पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और शरीर में ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। यह आदत मानसिक शांति



प्रदान करने में भी मदद करती है।

### रोजाना 10,000 कदम चलें

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, रोजाना 10,000 कदम चलना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। यह मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। तेज चलने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, कैलोरी बर्न होती है और मूड बेहतर रहता है। अगर आप व्यस्त रहते हैं, तो दिन में छोटे-छोटे ब्रेक लेकर पैदल चलें।

### गैजेट्स से एक घंटा दूर रहें

स्मार्टफोन, लैपटॉप और टीवी जैसे गैजेट्स का ज्यादा इस्तेमाल आंखों की थकान, नींद की कमी और तनाव का प्रमुख कारणों में से एक है। रोजाना कम से कम एक घंटा स्क्रीन-फ्री समय निकालें। इस दौरान किताब पढ़ें, परिवार के साथ बात करें, ध्यान करें या प्रकृति का आनंद लें। इससे मानसिक स्वास्थ्य सुधरता है, नींद की गुणवत्ता बढ़ती है और तनाव कम होता है।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### टीवी शो 'हैरी पॉटर' के सेट पर पानी की तरह बहाया जा रहा पैसा



'हैरी पॉटर' की जादुई दुनिया तो आपको याद ही होगी। इस सुपरनैचुरल सीरीज ने कहीं ना कहीं हम सभी के बचपन में रंग भरे हैं। अब हॉलीवुड की ये पॉपुलर सीरीज एक बार फिर से टीवी शो के रूप में वापसी कर रही है। 'वॉर्नर ब्रोज' इस टीवी शो को लेकर आ रहा है जिसके लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। एचबीओ द्वारा बनाई जा रही इस नई टीवी सीरीज के लिए तीन बाल कलाकारों को ढूंढा जा चुका है, जो हैरी पॉटर, हर्माइनी ग्रेंजर और रॉन वीस्ली की भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके लिए करीब 32000 ऑडिशन्स हुए हैं जिसके बाद तीन बच्चों को चुना गया है। फिलहाल इन तीनों ही बच्चों के चेहरों को रिवील नहीं किया गया है और ना ही इनके बारे में कोई जानकारी दी गई है लेकिन एक बात तो तय है 'हैरी पॉटर' से जुड़ने जा रहे यह तीनों बच्चें रातों-रात स्टार जरूर बनने वाले हैं। इस टीवी सीरीज को सात सीजन में दिखाया जाएगा। हर एक सीजन की कहानी किताब पर ही आधारित होगी। वॉर्नर ब्रोज ने इस सीरीज को बनाने के लिए भव्य सेट तैयार किया है जिसे बनाने में करीब 1 बिलियन यूरो (9,539 करोड़ रुपये) लगे हैं। यह सेट वार्नर ब्रोज के लीव्सडेन स्टूडियो में स्थित है, जिसमें नए सड़कों, पार्किंग और बच्चों के लिए एक स्कूल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा जीवों के लिए भी खास स्थान तैयार किया गया है। सीरीज में कुछ पुराने किरदारों के लिए कलाकारों की घोषणा की गई है। जॉन लिथगो को डंबलडोर, निक फ्रॉस्ट को हैग्रिड, पॉल व्हाइटहाउस को फिल्च और पापा एस्सिडू को स्नैप की भूमिका में देखा जाएगा।

## टॉलीवुड

### 'वॉर 2' के चलते अटका जूनियर एनटीआर की फिल्म का अपडेट



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर फैंस को 'वॉर 2' को लेकर एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। ऐसी उम्मीद है कि मेकर्स फिल्म का टीजर जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर जारी कर सकते हैं। जिसको लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, अब जूनियर एनटीआर के फैंस के लिए एक और खबर भी सामने आ रही। इस खबर से जूनियर एनटीआर के फैंस थोड़ा निराश जरूर हो सकते हैं। क्योंकि उन्हें अब एनटीआर का डबल धमाका इस बार देखने को नहीं मिलेगा। ये तो तय है कि 20 मई को जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर फैंस को 'वॉर 2' से जुड़ा एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। उम्मीद है कि ये तोहफा फिल्म का टीजर होगा। लेकिन एनटीआर के फैंस 'वॉर 2' के साथ-साथ उनकी एक और अनटाइटल्ड फिल्म के अपडेट का भी इंतजार कर रहे थे। इस फिल्म को अभी एनटीआर-नील के नाम से जाना जा रहा है। लेकिन अब इस फिल्म के मेकर्स ने फैंस को निराश कर दिया है। एनटीआर-नील की टीम ने 'वॉर 2' को देखते हुए फैसला किया है कि वो फिल्म को लेकर कोई नई अपडेट साझा नहीं करेंगे।

एनटीआर-नील के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फैंस के लिए एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में मेकर्स ने लिखा, "फैंस हम जानते हैं कि आप उस व्यक्ति का जश्न मनाने के लिए कितने उत्सुक हैं जिसने हमें खुश होने के अनगिनत कारण दिए हैं। 'वॉर 2' के कंटेंट के रिलीज होने के साथ, हमने महसूस किया कि इसे पूरा मौका देना चाहिए। इसलिए एनटीआर-नील मास फिल्म की झलक को बाद के लिए बचाकर रखना सबसे अच्छा है। हम इस साल के जन्मदिन का जश्न पूरी तरह से 'वॉर 2' के साथ मना रहे हैं।" एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म का टाइटल अभी तक तय नहीं हुआ है। हालांकि, इसका नाम 'ड्रैगन' होने की चर्चाएं हैं।

## भोजपुरी

### अक्षरा ने पहले बाबा काशी विश्वनाथ फिर किए मां विंध्यवासिनी के दर्शन



भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह इन दिनों भक्ति में लीन हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में विंध्यवासिनी देवी और बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सफल एक्ट्रेस अक्षरा सिंह इन दिनों भक्ति भाव में डूबी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर स्थित शक्तिपीठ विंध्यवासिनी देवी के दर पहुंचीं, जहां उन्होंने दर्शन कर देवी का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा उन्होंने बनारस जाकर बाबा काशी विश्वनाथ के भी दर्शन किए। दोनों ही जगहों की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिस पर लोग प्यार बरसा रहे हैं। एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरों को शेयर करते हुए ने फैंस को बताया कि वह मंदिर पहुंचीं और देवी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'प्रयागराज में इवेंट करके लौटते हुए मां विंध्यवासिनी के दर्शन हुए।' बता दें कि एक्ट्रेस और सांसद मनोज तिवारी शहर एक इवेंट के लिए गए थे। दोनों ने वहां परफॉर्म भी किया था। जिसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है।


लाइफ स्टाइल



इंडी स्लीज़ ड्रेस का दौर

"2000 के दशक में इंडी स्लीज़ की पहचान केट मॉस, सिएना मिलर और एलेक्सा चुंग जैसी मॉडल रही हैं। इंडी स्लीज़ ड्रेस अपने कामुक बेबी डॉल कट, पेस्टल रंगों और रोमांटिक लेस डिटेल के लिए जानी जाती हैं। यह सौंदर्यबोध स्प्रिंग/समर 2025 के रुझानों में से एक के रूप में बड़ी वापसी कर रहा है। जिसमें लेस स्कर्ट और रॉक'एन'रोल टी-शर्ट का संयोजन है।

# हैवी एंब्रॉयडरी आउटफिट पहनते समय इन बातों का रखें ख्याल





अगर आप किसी खास अवसर पर हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहनने का मन बना रही हैं तो ऐसे में कुछ छोटे-छोटे टिप्स यकीनन आपके बेहद काम आएंगे। जब भी हम किसी खास अवसर के लिए तैयार होती हैं तो सबसे पहले अपने आउटफिट पर ही ध्यान देती हैं। अमूमन शादी या पार्टी में पहनने के लिए हैवी एंब्रायडिड लहंगे, साड़ी या अनारकली पहनना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि इसमें आपका लुक बेहद ही रॉयल लगता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि हैवी एंब्रायडिड आउटफिट देखने में काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन इन्हें स्टाइल करना इतना भी आसान नहीं होता है। अगर इन्हें सही तरह से स्टाइल नहीं किया जाता है तो इससे आप खुद को कढ़ाई के नीचे दबा हुआ व थका हुआ महसूस कर सकती हैं।

यही वजह है कि हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहनते समय थोड़ी स्मार्ट स्टाइलिंग करना बेहद जरूरी होता है। सही ज्वैलरी का चुनाव, लाइट मेकअप, कंफर्टेबल व स्टाइलिश हील्स आपके लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहनते समय आपको किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए-

जब आप हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहन रही हैं तो ऐसे में आपको अपने लुक को सही तरह से बैलेंस करना आना चाहिए। वरना आपका लुक बहुत अधिक ओवर लग सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपका आउटफिट बहुत हैवी एंब्रायडिड है, तो हेयरस्टाइल, मेकअप और ज्वैलरी को सिंपल रखने की कोशिश करें। उदाहरण के तौर पर, हैवी ज़रदोज़ी लहंगे के साथ सॉफ्ट वेव्स, न्यूड मेकअप, स्टेटमेंट ईयररिंग्स आपके लुक को कॉम्पलीमेंट करेंगे। वहीं, अगर आउटफिट का नेकलाइन हैवी है तो नेकलेस को स्किप किया जा सकता है।

हैवी एंब्रायडिड आउटफिट पहनते समय हेयरस्टाइल पर खासा ध्यान दिया जाना चाहिए। अगर आप हाई बन या ब्रेडेड बन बनाती हैं तो इससे एम्ब्रॉयडरी पर ध्यान जाता है। खासकर आउटफिट हाई-नेक है या फिर अगर आप सिर पर दुपट्टा रखने वाली हैं तो यह लुक्स एकदम परफेक्ट है। वहीं, अगर आप ओपन हेयर लुक चाहती हैं तो ऐसे में साइड-स्वेप्ट कर्ल्स या स्लीक पोनीटेल कर सकती है।

# शॉर्ट ड्रेस में काले नजर आ रहे हैं घुटने, इन्हें साफ करने इनका इस्तेमाल कर पाएं राहत



घुटने काले नजर आते हैं। इसकी वजह से हम शॉर्ट ड्रेस भी सोच समझकर पहनते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि पैरों की स्किन टोन अलग-अलग दिखाई देने लगती है। ऐसे में इन्हें कम करने के लिए आप कुछ ऐसी घरेलू चीजें हैं, जिसका इस्तेमाल करके अपनी स्किन को साफ कर सकती हैं। इससे आपके घुटने साफ हो सकते हैं। साथ ही, आपको शॉर्ट ड्रेस पहनने में कोई दिक्कत भी नहीं होगी।

## एलोवेरा जेल और हल्दी का इस्तेमाल

आप अपने घुटनों को साफ करने के लिए एलोवेरा जेल और हल्दी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे भी आपके घुटने साफ हो जाएंगे। साथ ही, इससे आपकी स्किन इवन नजर आएगी। इसका इस्तेमाल करना भी काफी आसान होता है।

## इस तरह करें इस्तेमाल

इसके लिए आपको एक कटोरी में फ्रेश एलोवेरा जेल निकालना है। इसमें हल्दी पाउडर को मिक्स करना है। इसे फिर अपने घुटने पर लगाना है।इस पेस्ट को लगाने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें। फिर सूखने दें। इसके बाद पानी से अपने पैरों को साफ कर लें। इसे आप हफ्ते में 2 बार लगाएंगी, तो आपके घुटने साफ नजर आएंगे।

## आलू के रस का करें इस्तेमाल

आप काले घुटनों को साफ करने के लिए आलू के रस का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन साफ हो जाएगी। इसे इस्तेमाल करना भी काफी आसान है। इसे आप रोजाना भी अपने घुटने पर लगा सकती हैं।

## इस तरह करें आलू का इस्तेमाल

इसके लिए आपको सबसे पहले एक आलू लेना है। फिर इसे आधा काटना है। अब इसमें कॉफी लगाएं और अच्छे से घुटनों पर रब करें। इसे करीब 10 से 15 मिनट के लिए रब करें। फिर इसे लगा रहने दें।इसके बाद इसे पानी से साफ कर लें। इससे आपके घुटने कुछ ही समय में साफ नजर आएंगे।

इस तरह के आप अपने काले घुटनों को साफ कर सकती हैं। इससे आपको शॉर्ट ड्रेस पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही, आपको ज्यादा बाजार के प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# समर सीजन में स्किन फ्रेश रखने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो



गर्मियों के मौसम में पसीना, धूल-मिटटी और प्रदूषण की वजह से चेहरा डल और बेजान नजर आने लगता है। वहीं इस दौरान अगर स्किन की केयर न की जाए तो, स्किन से जुड़ी समस्या भी पैदा हो सकती है। वहीं ये समस्या न हो साथ ही, इस मौसम में स्किन फ्रेश रहे और चेहरे का ग्लो बने रहे इसके लिए हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं। इन टिप्स को फॉलो करने से समर सीजन में स्किन फ्रेश रहेगी साथ ही, चेहरे पर ग्लो भी आएगा।

## क्लींजिंग का करें इस्तेमाल

चेहरे का ग्लो बना रहे साथ ही, स्किन पर ग्लो आए इसके लिए आप क्लींजिंग का इस्तेमाल करें। इस काम को आप दिन में 2 बार करें। क्लींजिंग करने से चेहरे के पोर्स साफ हो जाते हैं और स्किन फ्रेश और ग्लोइंग नजर आती है। क्लींजिंग का इस्तेमाल आप सुबह और रात को सोने से पहले करें।

## लाइटवेट मॉइस्चराइजर का करें प्रयोग

इस मौसम में कई महिलाएं मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना बंद कर देती है। लेकिन, स्किन से जुड़ी समस्या न हो इसके लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना जरुरी है। वहीं इस मौसम में आप लाइटवेट मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।

## करें फेस मास्क का इस्तेमाल

स्किन से जुड़ी समस्या को कम हो साथ ही, स्किन फ्रेश और ग्लोइंग नजर आए इसके लिए आप हफ्ते में 2 दिन फेसमास्क का इस्तेमाल करें। फेस मास्क का इस्तेमाल करने से स्किन को पोषण और धूप की वजह से छिन गया ग्लो भी वापस आता है।

# गर्मी में शरीर पर हो रहीं फुंसियां तो एक्सपर्ट के उपाय आएंगे काम



बदलते मौसम की वजह से कुछ महिलाओं को स्किन प्रॉब्लम होने लगती है। ऐसे में अगर बात करें गर्मी के मौसम की, तो तेज धूप और पसीने की वजह से ऐसी कई महिलाएं हैं, जो घमौरियों का सामना करती हैं। ऐसे में अगर आपके शरीर पर भी बारीक फुंसियां होने लगी है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## घमौरियों का उपाय

अगर आप इन फुंसियों से राहत पाने के लिए और अपने शरीर को खूबसूरत बनाने के लिए बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर रही हैं, तो अब आप घर पर रहकर ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं कुछ घरेलू नुस्खे आजमा कर इन सब परेशानियों से राहत पा सकती हैं। आईए जानते हैं ब्यूटी एक्सपर्ट की इस पर क्या राय है।

## ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक गर्मी का मौसम हो या बारिश का कुछ महिलाओं को बदलते मौसम की वजह से स्किन प्रॉब्लम होने लगती है। ऐसे में अगर आपकी पीठ पर बारीक फुंसियां हो रही है, तो अब आपको टेंशन की जरूरत नहीं है। आप घर पर रहकर इन फुंसियों का इलाज कर सकती है। इसके लिए आप रोजाना सुबह शाम दोनों टाइम फुंसियों वाली जगह पर एलोवेरा जेल लगा सकती हैं। इससे आपको बेहद आराम देखने को मिलेगा।

कार्नर न्यूज


## आउटफिट को स्टाइल करते वक्त हेयर स्टाइल बनाना भी जरूरी

# वेस्टर्न आउटफिट के साथ क्रिएट करें 10 मिनट में बनने वाले ये हेयर स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत

आउटफिट को स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन इसके साथ स्टाइल करने के लिए हम हर बार ज्वेलरी को खरीदते हैं। ज्वेलरी के बाद आउटफिट अच्छा लगता है। ज्वेलरी के साथ-साथ हेयर स्टाइल भी काफी अट्रैक्टिव होना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आपको सिंपल हेयर स्टाइल बनाने का आइडिया मिल जाएगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के हेयर स्टाइल को आप बना सकती हैं।

ओपन लूज कर्ल हेयर स्टाइल

अगर आपको 10 मिनट में रेडी होना है, तो ऐसे में आप ओपन लूज कर्ल वाले हेयर स्टाइल को क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह के हेयर स्टाइल बनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसके लिए पहले आपको बालों को कोम्ब करना है। फिर थोड़े-थोड़े पार्ट में बालों को लेकर इन्हें कर्ल करना है। इसे लूज ही रखें। ज्यादा टाइट कर्ल न करें। इसके बाद इन्हें स्प्रे करके सेट करना है। इससे आपके बालों का हेयर स्टाइल अच्छा लगेगा। साथ ही, आप 10 मिनट में रेडी हो जाएंगी।



वेस्टर्न आउटफिट के साथ स्लीक पोनीटेल हेयर स्टाइल भी बनाया जा सकता है। इसे बनाकर आपका लुक भी अच्छा लगेगा। इसके लिए आपको बालों को सेंटर पार्टिशन करना है। इसके बाद पोनीटेल को बनाना है। इस पोनीटेल को बनाते समय आपको बालों को बिल्कुल भी मैसी नहीं करना है। फिर अपने बालों को सेट करें। इस तरह से हेयर स्टाइल बनाकर आपका लुक अच्छा लगेगा।

## ब्रेड ट्विस्टेड बन हेयर स्टाइल

बन हेयर स्टाइल भी बनने के बाद अच्छा लगेगा। इस तरह के हेयर स्टाइल को बनाने में आपको सिर्फ 10 मिनट का समय लगेगा। इसके लिए आपको पहले ब्रेड बनानी है। फिर इसे ट्विस्ट करके बन को क्रिएट करना है। इसके बाद इसे पिन की मदद से सेट करना है। इसे बनाकर आपका पूरा लुक ही चेंज हो जाएगा। इसे आप कभी भी बना सकती हैं। इस बार वेस्टर्न आउटफिट में इन हेयर स्टाइल को क्रिएट करें। इस तरह के हेयर स्टाइल से आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आपको ज्यादा हेयर स्टाइल बनाने में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। इसका आइडिया फोटो से ले सकती हैं।

